

सुहास वाय एल देश के पहले ऐसे नौकरशाह हैं जिन्होंने पैरालंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने पूरे जीवन में जो कुछ भी किया हमेशा अव्वल ही रहे। प्रशासनिक सेवा में आने से पहले पढ़ाई और प्राइवेट नौकरी सब कुछ अव्वल ही किया वे नोएडा के डीएम हैं।


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 213- ● जबलपुर ● शनिवार, 4 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in


## सोना-चांदी पर एक साथ निशाना






**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज मनीष नरवाल और सिंहराज ने टोक्यो पैरालंपिक में कमाल कर दिया। मनीष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा एसएच-1 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। वहीं इसी स्पर्धा में सिंहराज अडाना ने बेहतरीन निशाना साधते हुए रजत पदक पर कब्जा किया। मनीष ने फाइनल में 218.2 का स्कोर किया। जबकि सिंहराज ने 216.7 का स्कोर करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। जबकि, रूस ओलंपिक समित के सर्जेइ मालिशेव ने 196.8 अंकों के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। क्वालीफिकेशन में सिंहराज 536 अंकों के साथ चौथे स्थान पर थे। जबकि मनीष नरवाल 533 अंकों के साथ सातवें नंबर पर रहे। मनीष ने टोक्यो पैरालंपिक में भारत की तीसरा स्वर्ण पदक जिताने में सफल रहे। इससे पहले अवनि लेखरा और सुमित अंतिल भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। सिंहराज की बात की जाए तो उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में अपना दूसरा पदक जीता है। इसे पहले सिंहराज ने 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उनके अवाला अवनि लेखरा भी दो पदक जीत चुकी हैं जिनमें एक स्वर्ण और एक ब्रांज मेडल शामिल है। भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में अब तक 15 पदक जीते हैं जिनमें तीन स्वर्ण, सात रजत और और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। पैरालंपिक में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मौजूदा समय में पदक तालिका में भारत 34वें स्थान पर है।




## यशभारत सम्मानित

## वरिष्ठ पत्रकार श्री आशीष शुक्ला को मिलेगा जगतगुरु शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार



**मिलेगा एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार**

**जबलपुर।** पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय छवि तथा अपनी लगनशीलता कठिन संघर्ष, कर्मठता से बेहतरीन मुकाम हासिल करने वाले यशभारत के संस्थापक श्री आशीष शुक्ला को जगतगुरु शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार से नवाजा जाएगा। जबलपुर में यह पहला अवसर है जब जगतगुरु शंकराचार्य जी के शुभ हाथों से पुरस्कार प्राप्त हो रहा है। श्री शुक्ला को स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के 98 वें जन्मदिन 9 सितंबर 2021 को परमहंसी गंगा आश्रम, झोतेश्वर, श्रीधाम में महाराजश्री के करकमलों से यह पुरस्कार मिलेगा । उन्हें इस पुरस्कार में एक लाख रुपये की राशि तथा सम्मानपत्र से सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार श्री आशीष शुक्ला को जगतगुरु शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस पर श्री शुक्ला ने कहा कि यह सभी कलमकारों तथा यशभारत के प्रत्येक सदस्य, शुभचिंतक तथा सभी सुधि पाठकों का सम्मान है।

## तीन दिन से लगातार 40 हजार पार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामले में उतार-चढ़ाव जारी है। किसी दिन मामले बढ़ रहे हैं तो किसी दिन संक्रमित मरीजों की संख्या कम हो जाती है। पिछले तीन दिन से कोरोना के दैनिक मामले फिर से 40 हजार के पार हैं। एक सितंबर से लगातार कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। बीते 24 घंटे में 42 हजार नए पॉजिटिवि मरीज मिले हैं, जबकि 330 लोगों की मौत हुई। वहीं, 29, 322 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी गई है। कोरोना से मरने वाली की संख्या में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इससे दो दिन पहले तक कोरोना से मौत का आंकड़ा 350 के पार रहता था। कोरोना के सबसे ज्यादा नए मामले केरल से आ रहे हैं। एक दिन करीब तीस हजार नए मामले सामने आ रहे हैं। वहीं, महाराष्ट्र में भी कोरोना की रफ्तार तेज है। राज्य में कोरोना के दैनिक मामले 5 हजार से ऊपर आ रहे हैं। देश में अभी तक 3 करोड़ 21 लाख लोग कोरोना को मात देकर सामान्य जिंदगी जी रहे हैं। हालांकि, तीन करोड़ 29 लाख से ज्यादा लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं, जबकि 4 लाख 40 हजार संक्रमितों की मौत हो चुकी । देश भर में अब तक 67.72 लाख से ज्यादा लोगों को कोरोना की वैक्सीन लग चुकी है। बीते 24 घंटों में 58.85 लाख अलग-अलग टीकों की खुराक लगाई जा चुकी हैं।

### देश में कोरोना महामारी आंकड़ों में

बीते 24 घंटे में कुल नए केस आए-42,618
बीते 24 घंटे में कुल ठीक हुए-29, 322
बीते 24 घंटे में कुल मौतें-330
बीते 24 घंटे में कोरोना टीका- 58.85
सक्रिय मरीजों की संख्या- 4.05 लाख
कुल संक्रमित हुए लोग- 3,29 करोड़
अब तक ठीक हुए- 3.21 करोड़
अब तक कुल मौतें- 4.40 लाख
अब तक कुल कोरोना टीका- 67.72 करोड़

### 42 जिलों में रोजाना 100 से ज्यादा मामले आ रहे

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 10 मई के बाद से देश में कोरोना पॉजिटिविटी दर में कमी आई है, लेकिन केरल में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि देशभर में पिछले हफ्ते आए कोरोना के कुल मामलों में से 69त्न मामले सिर्फ केरल से आए हैं। वहां फिलहाल एक लाख से ज्यादा एक्टिव केस हैं। अभी भी 42 जिलों में कोरोना के रोज 100 से ज्यादा नए मामले सामने आ रहे हैं।

## मोदी जल्द करेंगे अमेरिका दौरा

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में चल रहे सियासी संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। अफगान संकट के कारण बढ़ी मुसीबतों के चलते प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिकी दौरा बेहद खास माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी 22 से 27 सितंबर के बीच अमेरिकी दौरा कर सकते हैं। इस दौरान पीएम मोदी वाशिंगटन और न्यूयॉर्क का दौरा करेंगे। गौरतलब है की अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा सत्ता संभाले जाने बाद पीएम मोदी का ये पहला अमेरिकी दौरा है। फिलहाल पीएम मोदी के दौरे को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच पहली बार आमने-सामने की मुलाकात होगी। हालांकि इससे पहले दोनों नेता करीब 3 बार वर्चुअल मीटिंग में मिल चुके हैं। दोनों नेताओं के बीच सबसे पहले वर्चुअल मुलाकात मार्च



में क्वॉड शिखर सम्मेलन में हुई थी, फिर इसके बाद अप्रैल में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान दोनों की वर्चुअल मुलाकात हुई, फिर आखिर में जी-7 की बैठक में भी इन दोनों नेताओं की वर्चुअल मुलाकात हुई थी। अफगानिस्तान में तेजी से बदल रहे हालात के बीच पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे का खास महत्व है। पीएम मोदी ने आखिरी बार सितंबर 2019 में अमेरिका का दौरा किया था, जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाउडी मोदी कार्यक्रम को संबोधित किया था।

## कपड़ा फैक्टरी में धमाके के बाद लगी भीषण आग

### एक की मौत, चार कर्मचारी घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के बोईसर में शनिवार सुबह बड़ा धमाका हो गया। यहां की जखारिया फैब्रिक लिमिटेड में तेज धमाके के बाद आग लग गई। इस हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई। पालघर पुलिस ने बताया कि शव को बरामद कर लिया गया है। वहीं इस घटना में चार कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस व दमकल विभाग की टीम राहत व बचाव कार्य कर रही है।

## राजस्थान पंचायत चुनावों में कांग्रेस की बल्ले-बल्ले, भाजपा को नुकसान

**जयपुर।** राजस्थान के छह जिलों में पंचायत चुनाव के लिए मतगणना सुबह 9 शुरू हो गई है। जयपुर, जोधपुर और दौरा में कांग्रेस आगे चल रही है। दौसा में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला है। यहां मंत्री ममता भूपेश ने खूब प्रचार किया था। यहां की 21 में से 11 सीट पर कांग्रेस जीती है, जबकि भाजपा 6 पर सिमट गई है। चार पर निर्दलीयों का कब्जा रहा है। जोधपुर में 387 में से 205 के परिणाम आ चुके हैं। 205 में से भाजपा 73, कांग्रेस 108, आरपीएल 13 व अन्य 9 स्थानों पर विजयी हुए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस खेमे में जश्न का माहौल है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह नगर जोधपुर के परिणाम कांग्रेस के पक्ष में रहा है। वहीं यहां से सांसद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की इज्जत भी दांव पर लगी है। इससे पहले पहला नजीता कांग्रेस के पक्ष में रहा। आबूरोड पंचायत समिति के वार्ड संख्या 1 से कांग्रेस के उम्मीदवार विजय हुए हैं।



## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक महाप्रबंधक 1.50 लाख की रिश्वत लेते पकड़ में आया



**झाबुआ।** इंदौर लोकायुक्त की टीम ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के महाप्रबंधक डीआर सरोटिया को एक लाख पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक महाप्रबंधक सरोटिया ने कालीदेवी के मैनेजर से तीन लाख की रिश्वत मांगी थी और इसमें से एक लाख पचास हजार रुपये पहले ही ले लिए थे। अब एक लाख पचास हजार रुपये की रिश्वत की दूसरी किश्त लेते हुए पकड़ा गया। लोकायुक्त की टीम इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

## अन्नदाता को जल्द मिलेगा नया तोहफा

**नई दिल्ली।** जानकारी के अनुसार जल्द ही केंद्र सरकार किसानों के हित में एक बड़ा फैसला कर सकती है। इसकी तैयारी बड़े जोर-शोर से चल रही है। सरकार किसानों की आय बढ़ाने, उनके खर्चे को कम करने के अन्य स्त्रोतों पर काम कर रही है। इसमें एक सबसे प्रमुख स्त्रोत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि है। इससे अब तक 12.4 करोड़ से अधिक किसान जुड़ चुके हैं... किसानों से बातचीत में शामिल रहे एक केंद्रीय मंत्री से किसानों की समस्या पर हुई बात को समझा जाए तो मंत्री जी का कहना है कि केंद्र सरकार किसान संगठनों के अड़ियल रुख को देखकर उनसे बातचीत की पहल नहीं करेगी।



प्रधानमंत्री की चिंता में देश के किसान हैं और हम उनके लिए जो बन पड़ेगा, वह सब कुछ करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जल्द ही केंद्र सरकार किसानों के हित में एक बड़ा फैसला कर सकती है। इसकी तैयारी बड़े जोर-शोर से चल रही है। सूत्र का कहना है कि कृषि मंत्रालय इसके बाबत काम कर रहा है। हालांकि उन्होंने इसके आगे का कोई भी खुलासा करने से इनकार कर दिया। इस जानकारी को पुख्ता करने के लिए कृषि मंत्रालय के कई अधिकारियों से संपर्क करने पर पता चला कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, उनके खर्चे को कम करने के अन्य स्त्रोतों पर काम कर रही है। इसमें एक सबसे प्रमुख स्त्रोत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हैसरकार इसके दायरे और राशि की सीमा बढ़ाने के विकल्पों पर विचार कर रही है।

### क्विक अपडेट



## तीन घंटों तक बंद रहेंगी एसबीआई की इंटरनेट बैंकिंग

**नई दिल्ली।** आपका खाता देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक में है, तो ये खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज और कल कुछ घंटों के लिए बैंक की कई सेवाएं बाधित रहेंगी। ऐसे में आपके काम अटक सकते हैं। इसलिए ग्राहक अपने सभी जरूरी काम जल्द निपटा लें। इस संदर्भ में बैंक ने अपने ग्राहकों को अलर्ट भी जारी किया है।एसबीआई ने ट्वीट कर दी जानकारी तीन घंटों के लिए इंटरनेट बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), योनो, आईएमपीएस, योनो बिजनेस और योनो लइट की सुविधा का लाभ नहीं उठा पाएंगे।



## फिरोजाबाद में रहस्यमयी बुखार का कहर जारी

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में संदिग्ध डेंगू और वायरल बुखार के मामले बढ़ने के कारण स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ केंद्र की टीम भी सक्रिय हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की पांच सदस्यीय टीम ने फिरोजाबाद में डोर-टू-डोर सर्वे किया और बुखार का प्रसार रोकने के लिए लोगों को विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर सर्वे करने के बाद जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ भी एक बैठक की। फिरोजाबाद जिले के सीएमआ डॉ. दिनेश प्रेमी ने बताया कि जब भी किसी राज्य में महामारी जैसा संकट होता है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम संबंधित राज्य का दौरा करती है, फिरोजाबाद में फैल रहे बुखार के संबंध में जांच के लिए 5 डॉक्टरों की टीम आई थी।

## मुल्ला बरादर को मिलेगी कमान

### अब दो-तीन दिन बाद सरकार बनाएगा तालिबान

**काबुल।** अफगानिस्तान में नई सरकार का गठन दो से तीन दिन में हो जाएगा। इसको लेकर तालिबान की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर दिया गया है। सरकार गठन को लेकर शनिवार को हुई बैठक के बाद तालिबानी नेताओं का कहना है कि सरकार में शामिल होने वाले नामों का खुलासा भी सरकार गठन के साथ ही होगा। माना जा रहा है कि तालिबान का सह-संस्थापक मुल्ला बरादर इस नई सरकार का नेतृत्व करेगा। तालिबान सूत्रों ने बताया कि दोहा स्थित तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के चेयरमैन मुल्ला अब्दुल गनी बरादर को सरकार का प्रमुख बनाने की सार्वजनिक घोषणा जल्द ही होगी। मुल्ला बरादर के साथ तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर के बेटे मुल्ला मोहम्मद याकूब व शेर मोहम्मद अब्बास स्टेनकजई की भी सरकार में अहम भूमिका होगी। तालिबान के सूचना व संस्कृति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी मुफ्ती इनामुल्लाह सामंगानी ने कहा कि सभी शीर्ष नेता काबुल पहुंच चुके हैं और नई सरकार का एलान करने की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। सरकार के गठन को लेकर आपसी सहमति बन चुकी है, और अब मंत्रिमंडल को लेकर कुछ आवश्यक बातचीत हो रही है। एक वरिष्ठ तालिबान अधिकारी के मुताबिक, संगठन का सुप्रीम लीडर हैबतुल्लाह अखुंदजादा धार्मिक मामलों और इस्लाम के दायरे में ईरान की तर्ज पर राजव्यवस्था का ढांचा तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। मौजूदा जानकारी के मुताबिक नई तालिबानी सरकार में 12 मुस्लिम विद्वानों के सूरा या सलाहकारी परिषद के साथ 25 मंत्री होंगे। छह से आठ महीने के भीतर एक लोया जिरगा यानी महासभा बुलाने की भी योजना बनाई जा रही है, जिसमें संविधान और भविष्य की सरकार की संरचना पर चर्चा करने के लिए अफगान समाज के बुजुर्गों और प्रतिनिधियों को एक साथ लाया जाएगा।



## रतलाम के पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा के साथ 45 लाख की धोखाधड़ी



**रतलाम।** भाजपा नेता व रतलाम के पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा की फर्म के साथ 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। सीमेंट के व्यापार को लेकर आधा दर्जन लोगों ने पैंसालीस लाख रुपए डिपोजिट करवाकर धोखाधड़ी की है। पूर्व महापौर डागा की शिकायत पर स्टेशन रोड पुलिस ने आधा दर्जन आरोपितों के खिलाफ धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने तीन आरोपितो को हिरासत में ले लिया है लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस के अनुसार 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पूर्व महापौर व सीमेंट व्यापारी शैलेन्द्र डागा निवासी पावर हाउस रोड की रिपोर्ट पर आरोपित रमेश कुमार निवासी भोपाल सहित छह आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 420 व 147 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। डागा से छह लोगों ने फरवरी में सीमेंट कंपनी का हवाला देकर सीमेंट का बिजनेस करने की बात कही थी। बताया जा रहा है कि कथित लोगों ने डागा की फर्म से सीमेंट व्यापार को लेकर 45 लाख रुपए डिपोजिट भी करवा लिए थे। बाद में व्यापारिक शर्तों का उल्लंघन और धोखाधड़ी की गई। डिपोजिट राशि वापस मांगने पर टालमटोल करते रहे। रुपये वापस नहीं देने पर डागा ने पुलिस को मामले की शिकायत की। पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार एक दल आरोपितों की तलाश में भोपाल भेज गया है। दल ने तीन आरोपितों को हिरासत में लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है।






## धोनी से जुड़े सवाल पर चकराए सहवाग और गांगुली, लेनी पड़ी एक्सपर्ट की मदद

**मुंबई।** टेलीविजन के मशहूर रिएलिटी क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के 13वें सीजन की शुरुआत होते ही दर्शक इसे काफी पसंद कर रहे हैं। इसी बीच शो के शानदार शनिवार एपिसोड में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली और वीरेंद्र सहवाग पहले स्पेशल गेस्ट बनकर पहुंचे। शो में पहुंचे दोनों खिलाड़ियों ने होस्ट अमिताभ बच्चन के साथ कई मजेदार किस्से साझा किए। साथ ही शो में पूछे गए सवालों का जवाब देकर अपने फाउंडेशंस के लिए 25 लाख रुपये की रकम भी जीती। शो के दौरान सवालों का जवाब देते हुए दोनों खिलाड़ियों ने चारों हेल्प लाइन की मदद से यह धनराशि जीती। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान उन्होंने क्रिकेट से जुड़े एक सवाल के लिए एक्सपर्ट की राय ली। यह सवाल पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से जुड़ा हुआ था। दरअसल, शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने सौरव गांगुली और वीरेंद्र सहवाग से क्रिकेट से जुड़ा एक सवाल पूछा। यह सवाल था कि ट्रेविस डाउलिन का विकेट, किस पूर्व भारतीय कप्तान का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय विकेट है? इस सवाल के लिए खिलाड़ियों को चार ऑप्शन दिए गए थे। इस सवाल पहले तो सौरव और सहवाग काफी



कंफ्यूज नजर आए। फिर दोनों ने ही अलग-अलग ऑप्शन को चुना। गांगुली ने सुनील गावस्कर का नाम लिया, तो सहवाग ने अजहरुद्दीन का। हालांकि, दोनों ही खिलाड़ी एक-दूसरे के जवाब से असहमत नजर आए। काफी कंफ्यूजन के बाद आखिर में इस सवाल पर सहवाग और गांगुली ने आखिरी लाइफ लाइन एक्सपर्ट की राय का इस्तेमाल करने का फैसला किया। इस पर एक्सपर्ट ने जवाब में महेंद्र सिंह धोनी का नाम बताया। एक्सपर्ट ने बताया कि ट्रेविस डाउलिन 2009 चैंपियंस ट्रॉफी में वेस्टइंडीज के लिए खेले थे। महेंद्र सिंह धोनी ने मैच में दिनेश कार्तिक को विकेटकिपिंग थमा कर यह विकेट लिया था। इसके बाद धोनी ने एक और विकेट लिया था, लेकिन अंपायर ने उसे मान्य नहीं किया। धोनी के नाम सिर्फ एक अंतरराष्ट्रीय विकेट है ट्रेविस डाउलिन का।

### 50 लाख रुपये के सवाल का जवाब नहीं दे पाएं खिलाड़ी

इसके दोनों खिलाड़ियों से 50 लाख रुपये के लिए सवाल पूछा गया। हालांकि, जब तक वह इस सवाल का जवाब दे पाते तब तक हूटर बज गया और खेल के अंत की घोषणा कर दी गई। 50 लाख के लिए खिलाड़ियों से पूछा गया प्रश्न था कि आजाद हिंद रेडियो सेवा पहली बार 1942 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में किस देश में शुरू की गई थी? इसके लिए सौरभ और सहवाग को चार विकल्प दिए गए थे- जापान, जर्मनी, सिंगापुर और बर्मा

# डेंगू का कहर वायरल की मार से कराहता शहर

जबलपुर,यशभारत। नगरीय और उपनगरीय क्षेत्रों में संक्रामक रोगों का कहर जारी है। जहां डेंगू का डंक से पीड़ितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, वहीं वायरल बुखार ने हर घर में कोई न कोई को जकड़े हुए हैं। वायरल से लोगों को सर्दी खांसी के साथ साथ शरीर को तोड़ रहा है। दस्तबुखार से परेशान लोगों की सेहत को मच्छरों के हमले में भी तोड़ दिया है। सघन बस्तियों में डेंगू के बाद अब मलेरिया के मरीज भी मिल रहे हैं। बढ़ते बुखार के संक्रमण से ज्यादातर अस्पताल मरीजों से भर गए हैं। सरकारी अस्पतालों में फ्लोर बेड के लिए भी मारामारी है। मौसमी कारियों के साथ कोरोना काल में लंबित जांच और बीमारियों के इलाज के लिए भी अभी मरीज आ रहे हैं। इससे ओपीडी में कतार बढ़ती जा रही है। डेंगू के मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की मांग से बैंक में भीड़ बढ़ रही है। सिंगल डोनर प्लेटलेट्स के बाद अब पैथोलॉजी केंद्रों में डेंगू के मरीजों की जांच के लिए किट कम पड़री है।डेंगू की रोकथाम के लिए प्रशासन की कवायद का जमीन पर कोई प्रभाव नहीं है। शहर की बनी बस्तियों में डेंगू लगातार पैर पसार रहा है। सरकारी रेकॉर्ड में डेंगू मरीजों की संख्या 225 के करीब है। लेकिन वास्तव सरकारी रेकॉर्ड से कई गुना ज्यादा डेंगू सीज अभी उपचाररत हैं। शहर के सरकारीऔर निजी क्षेत्र को मिलाकर प्रति सप्ताह 200 से ज्यादा डेंगू मरीज मिल रहे हैं। निजी अस्पतालों में मलेरिया के मरीज भी भर्ती हो रहे हैं। मेडिकल, विक्टोरिया अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मेडिसिन की ओपीडी से लेकर वार्ड तक में जांच कराने के लिए मरीज पहुंच रहे हैं। वायरल बुखार, डेंगू के साथ सर्दी-जुकाम, गले में दर्द, उल्टी-दस्त, टायफायड, पीलिया के मरीज भी लगातार आ रहे है। इलाज में देरी से मरीजों की हालत बिगड़ रही है। गंभीर मरीज बढ़ने से मेडिसिन वार्डों में पैर रखने तक की जगह नहीं बची है।

> विक्टोरिया जिला अस्पताल के हड्डी और डीवीडो वार्ड को भी बुखार के मरीजों के लिए खोला गया है। पहले कोविड वार्ड बनाए गए नर्सेस रूप से हॉस्टल को डेंगू के मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है। इसे भी मरीज बढ़ने पर खोलने की योजना है। मेडिकल अस्पताल में कोविड काल की लम्बित सर्जरी वाले मरीज भी अभी आ रहे हैं। इससे सर्जरी वार्ड मरीजों से फुल हैं।
>
> **जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. आरके पहारिया**

## संक्रामक बीमारियों से राहत दिलाने नगर निगम का विशेष अभियान

# 24 गाड़ियों का काफिला निकला छिड़काव के लिए



**जबलपुर।** संक्रामक बीमारियों के फैलाव से शहर के नागरिकों को राहत दिलाने नगर निगम द्वारा आज निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव अभियान विशेष रूप से चलाया गया। इस संबंध में निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. ने बताया कि आज एक साथ 24 गा?ियों का काफिला शहर में छि?काव के लिए रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि यह विशेष अभियान अब नियमित रूप से शहर के सभी मुख्य मार्गो, कॉलोनियों, सघन बस्तियों, मलिन बस्तियों, सार्वजनिक स्थलों, अस्पतालों, के अलावा बाजार क्षेत्रां में कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव नियमित रूप से कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि कीटनाशक दवाईयों के छिड़काव से डेंगू, चिकिनगुनिया और अन्य मौसमी बीमारियों से आम नागरिकों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि आज संभाग क्रमांक 1 ज्योति नगर इंदिरा गांधी वार्ड संभाग क्रमांक 2 मदन महल वार्ड भारत कॉलोनी एलआईसी के सामने संभाग क्रमांक 3 रामपुर पराठा गार्डन के पास शंकर शाह नगर वार्ड संभाग क्रमांक 13 भवानी प्रसाद वार्ड के अंतर्गत नया मोहल्ला के संपूर्ण क्षेत्र में माता गुजरी कॉलेज परिसर श्री दत्ता भजन मंडल मंदिर गोल बाजार होम साइंस कॉलेज संपूर्ण परिसर में आदित्य हॉस्पिटल के पास संभाग क्रमांक 8 के अंतर्गत प्रेम सागर पुलिस चौकी करिया पत्थर मुक्तिधाम क्षेत्र के आसपास बस्ती में रांची मानेगांव डेंगू प्रभावित क्षेत्र में तरुण दुबे जी के निवास स्थान के आसपास संतोष ठाकुर जी के निवास स्थान के आसपास मानेगांव चंपानगर के संपूर्ण क्षेत्र में शहीद अशफाक उल्ला खां वार्ड के अंतर्गत मंडी मस्जिद के आसपास संपूर्ण क्षेत्र में संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत तिलहरी डेंगू प्रभावित क्षेत्र में पुलिस लाइन क्वार्टर हौंडा पेट्रोल पंप रतन नगर कॉलोनी के संपूर्ण क्षेत्र में त्रिमूर्ति नगर के संपूर्ण क्षेत्र में कीटनाशक दवा का छिड़काव के साथ-साथ फागिंग मशीन द्वारा फागिंग का कार्य कराया गया। इसके पूर्व प्रात: काल नगर निगम मुख्यालय से तीन पत्ती होते हुए मालवीय चौक सुपर मार्केट लार्डगंज थाना बड़ा फुहारा कमानिया गेट कोतवाली थाना हनुमानताल घोड़ा नक्कास होते हुए नगर निगम मुख्यालय तक कीटनाशक दवा का छिड़काव जेट मशीनों से किया गया।

### बढ़ते हुये डेंगू के प्रकोप को लेकर छिड़काव

पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में और पुलिस लाइन एवं अन्य कार्यालयों में किया गया दवाइयों का छिड़काव आपको बता दे जिस तरह से लोग कोरोना के संकट से बचने के लिये कोविड की गाइडलाइन का पालन कर रहें है ठीक इसी तरह से अब पूरे जबलपुर में डेंगू ने अपने पैर पसार लिए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डेंगू की दवाइयों के छिड़काव के विषय में जब सौरभ तिवारी रक्षित निरीक्षक से विशेष बातचीत हुई तो उन्होंने बताया जबलपुर संस्कारधानी में डेंगू बीमारी अपनी चरम सीमा में है जिस के बचाव के लिए पुलिस कर्मचारी एवं अधिकारियों और उनके परिवारों को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नगर निगम से विशेष व्यवस्था कर दवाइयों एवं फागिंग की व्यवस्था करवाई गई जिसके चलते नगर निगम से पुलिस अधीक्षक कार्यालय और संबंधित थाना पुलिस लाइन में दवाई का छिड़काव और फॉकिंग करवाया गया है ताकि पुलिस कर्मचारी व अधिकारी और उनके परिवार सुरक्षित रह सकें।



# पमरे ने लोडिंग की नयी दिशाओं में 2.5 करोड़ रेल राजस्व अर्जित किया

## कोविड महामारी में भी नए आयाम स्थापित किए

**जबलपुर यश भारत।** कोविड-19 की कठिन चुनौतियों के बावजूद पश्चिम मध्य रेल ने जुलाई 2021 महीने के दौरान लादान और आय के मामले में माल ढुलाई के आंकड़ों में उच्च गति बनाए रखी है। कोविड महामारी के विषम परिस्थितियों में भी पमरे ने तीनों मंडलों में माह जुलाई 2021 में लोडिंग के क्षेत्र में नयी-नयी दशाओं और दिशाओं को खोज कर नये आयाम स्थापित किये है। पमरे के तीनों मण्डलों में व्यापार विकास इकाइयां स्थापित किया गया है। जिसमें रेल अधिकारियों एवं लोडिंग करने वाले व्यापारियों का समूह नामित होता है। जिसमें व्यापारियों का अपना माल अधिक से अधिक रेलवे द्वारा बुक करने के लिए अनेकों तरह की रियायतें, छूट एवं सुविधाएं दी जाती हैं। जिससे व्यापारी अधिक से अधिक रेलवे की तरफ आकर्षित हो। इसके अंतर्गत पमरे ने अपने परंपरागत माल ढुलाई के अलावा अन्य नए माल उत्पादको को ढूंढ निकाला है और उनकी सुविधानुसार साइडिंगो को खोलने का उपक्रम किया। जिसके सुखद परिणाम स्वरूप पमरे ने जुलाई 2021 महीने में रुपये 2.67 करोड़ों की अतिरिक्त आय अर्जित की तथा आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

### सैंड लोडिंग

भोपाल मण्डल के केपीएफपी से मंगलिया गांव (रतलाम मण्डल) के लिए 05 रेक सैंड लोडिंग स्टेशन से स्टेशन के तहत की गई। इससे रुपये 81.65 लाख की आय प्राप्त किया।

पश्चिम मध्य रेल में माल ढुलाई को बहुत आकर्षक बनाने के लिए कई तरह के रियायतें/छूट भी दी जा रही है। मौजूदा नेटवर्क में मालगाड़ियों की गति बढ़ा दी गई है। मालगाड़ियों की गति में सुधार भी सभी हितधारकों के लिए लागत की बचत हो रही है।

### नए आयाम स्थापित किए

पश्चिम मध्य रेलवे ने कोविड-19 की आपदा को अवसर में बदलते हुए अपने चौतरफा सक्षमता और कार्यकुशलता में आवश्यक परिवर्तन कर निष्पादन पद्धति में बदलाव करते हुए माल ढुलाई के क्षेत्र में नये-नये आयाम स्थापित किये।

जुलाई 2021 में पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों में स्थापित बीडीयू मार्केटिंग के तहत जिन प्रमुख वस्तुओं से माल ढुलाई में रेल राजस्व प्राप्त किया है वह निम्नानुसार है।

### बलास्ट लोडिंग

जुलाई माह में जबलपुर मण्डल के रीवा माल गोदाम से भभुआ रोड के लिए 01 रेक बलास्ट की लोडिंग की गई। जिससे रेलवे को रुपये 25.49 लाख की आय प्राप्त हुई।

### बाजरा लोडिंग

कोटा मण्डल के भरतपुर और हिण्डौनसिटी स्टेशनों से 21 वैगनों में बाजरा की लोडिंग कर रुपये 48.71 लाख की आय प्राप्त किया।

### राख लोडिंग

भोपाल मण्डल के बीना रिफाइनरी प्लांट साइडिंग (बीआरएसएम) से 04 रेक की राख? लोडिंग की गई। इससे रुपये 76.50 लाख की आय प्राप्त किया।

### लाल गेरू पाउडर की लोडिंग

कोटा मण्डल के सवाई माधोपुर स्टेशन से 01 रेक लाल गेरू पाउडर बुक किया गया। जिससे रेलवे को रुपये 34.44 लाख की आय अर्जित किया गया।



# अ.भा. अराजपत्रित अधि. संघ ने दी सी ई को दी विदाई

**जबलपुर यशभारत।** जीसीएफ में 41वर्षो से सेवा रत जगजीत सिंह वधावन के चार्जमेन के पद निवृत्ति पर शानदार विदाई दी गई।इसी क्रम में ए आई एन जी ओ सेन्ट्रल जोन की ओर से विदाई समारोह व्हीकल फैक्टरी सीनियर क्लब मे आयोजित किया गया।जिसमें जबलपुर जोन कि सभी निर्माणी के पदाधिकारी उपस्थित थे । उपस्थित पदाधिकारियो ने कहा कि श्री वधावन ने लगभग 41 वर्षो तक जी सी एफ मे सेवाये दी। जहां वे यूनियन और एसोसिएशन मेविभिन्न पदो पर रहते हुये जन सेवा के कार्य से जुडे रहे। पदाकारियो ने कहा कि श्री वधावन का पूरा सेवा काल हमकर्मचारी के लिये प्रेरणा देता रहेगा।उल्लेखनीय है कि जगजीत सिंह ए आई एन जी ओ मे काफी सक्रिय पदाधिकारी रहे एवम ब्रांच के साथ साथ राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य भी रहे है इस अवसर पर कानपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा एसोसिएशन के पूर्व राष्टीय महासचिव एस के सचान कानपुर से एवम वर्तमान महासचिव अजय हैदराबाद से जड़ कर जगजीत सिंह को शुभकामनाऐं दी एवम उनके द्वारा एसोसिएशन को दिए गये योगदान को याद किया। इस अवसर पर खमरिया से सतेंद्र प्रताप सिँह अजय यादव अजय चौहन डी सीं पाण्डेय जय शंकर यादव,वीएफजे से जितेंद्र दुबे, कामता द्विवेदी, जी सी एफ से शरद बोरकर, अजय रजक जी आई एफ से श्री कुंडू आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**जी सी एफ के श्री वधावन की सेवा भुलाई नहीं जा सकती**

# जैन महिला परिषद का कोविशील्ड वैक्सीनेशन शिविर

जबलपुर। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद मुनिसुब्रतनाथ शाखा हनुमानताल द्वारा रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधान में कोविशील्ड वैक्सीनेशन शिविर कोतवाली में आयोजित किया गया जिसमें वैक्सीनेशन के फर्स्ट एंड सेकंड डोज दोनों की लगाई गई रेडक्रॉस सोसाइटी सचिव आशीष दीक्षित एवं डॉ एसएस दहिया के निर्देशन में डॉक्टर्स की टीम विक्टोरिया हॉस्पिटल से आई यह कार्यक्रम सुबह 9ः00 बजे से शाम 4ः30 बजे तक चला । इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के बहुत से लोग भी लाभान्वित हुए एवं वेक्सीन लगवाने के लिए महिला परिषद द्वारा जागरूक किया गया कि आपको वैक्सीनशन कितनी आवश्यक है । इसमें संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मिश्री जैन अध्यक्ष श्रीमती मौली जिसमें विशेष सहयोग श्रीमती अर्चना जैन जी का रहा कोषाध्यक्ष श्रीमती स्वाति जैन उपाध्यक्ष नविता जैन कीर्ति, निधि,सरिता की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





### नगर निगम द्वारा संचालित दोनो पशुवध गृह बंद रहेगें

**जबलपुर।** स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि शासकीय आदेशानुसार दिनांक 10 सितम्बर गणेश चतुर्थी, 11 सितम्बर पर्युषण पर्व, 17 सितम्बर दिन डोल ग्यारस एवं 19 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी में नगर निगम द्वारा संचालित दोनो पशुवध गृह बंद रहेगें तथा नगर निगम सीमा अंतर्गत मॉस, मछली का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।



# भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी का स्वागत

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चे के नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी का स्वागत भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एड हिमांशु तिवारी चिंटू, अविकाश दुबे,अमित जाट, मोनू चौहान के नेतृत्व मै आतिशबाजी, ढोल नगाडो के साथ करमेता मै रोड आर.टी.ओ कार्यलय मै किया गया।कार्यक्रम मै, राजा सोनकर,आकाश मालिक, नायडू कोरी, मोहित चौबे, शिवम मिश्रा,ऋषभ कतिया, अंकित यादव, अर्णव तिवारी, यश इंग्लैकर, आदि सभी लोग उपस्थित थे।

# एस.सी./एस.टी.सेल ने किया अधिकारियों का स्वागत



जबलपुर यशभारत।,वाहन निर्माणी जबलपुर मे एस सी/एस टी सेल के नव नियुक्त सम्पर्क अधिकारी एवं उपमहाप्रबंधक वी.एस.चौधरी एवं ओ.बी.सी. के नव नियुक्त सम्पर्क अधिकारी आर.मोहंता उपमहाप्रबंधक को एस.सी./एस.टी.सेल मे पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिश्चंद्र चौधरी ने की।इस दौरान प्यारे लाल दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष ,राज कुमार गोटिया,अध्यक्ष श्रमिक सेवा संघ, प्रभुनाथ भारती उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष गोविंद चौधरी अवधेश राम प्रहलादसिंह संगठन मंत्री राम चन्द्र माझी, कुशराम, इत्यादि पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# निजी स्कूलों में नि :शुल्क प्रवेश के लिए करें जल्दी आवदेन

**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में ऑनलाइन नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया की संशोधित समय सारणी जारी की है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस ने बताया कि 6 सितंबर से 16 सितंबर 2021 तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन और त्रुटि सुधार के लिए विकल्प उपलब्ध रहेगा। ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात अभिभावक 7 सितंबर से 17 सितंबर 2021 तक पावती डाउनलोड और मूल दस्तावेजों का सत्यापन केंद्रों में सत्यापन करा सकेंगे। श्री धनराजू ने बताया कि 23 सितंबर 2021 को पारदर्शी रैंडम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी खोली जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी से आवेदकों को स्कूल का आवंटन किया जायेगा और चयनित आवेदकों को एस.एम.एस. से भी सूचित किया जाएगा। लॉटरी में चयनित आवेदक 14 सितंबर से 30 सितंबर 2021 के बीच आवंटन पत्र डाउनलोड करके आवंटित स्कूल में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। प्रवेश लेते समय ही संबंधित प्राइवेट स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्ट भी दर्ज की जाएगी। सभी जिलों के कलेक्टर को नियम अनुसार और पूर्ण पारदर्शी तरीके से नियत समय अवधि में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करते हुए कार्यवाही संपादित करने संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं।


**7 सितंबर से 17 सितंबर 2021 तक**



# जबलपुर जिले की नगरीय निकायों को कब मिलेगा नर्मदा जल

**जबलपुर।** पाटन कटंगी मझौली, पनागर, सीहोरा भेड़ाघाट के घरों में नल से नर्मदा जल पहुंचाने की 2.57 करोड़ रूपयों की योजना पर विगत 4 साल से काम चल रहा है। दो साल में पूरी हो जाने वाली योजना चार साल में भी पूरी नहीं हुई है। विधायक अजय विश्नोई भोपाल से लेकर जबलपुर तक इस योजना को शीघ्र पूरा कराने प्रयत्न शील है। गत दिवस विधायक अजय विश्नोई ने विभागीय अधिकारी चीफ इंजीनियर श्री नन्दा एवं ठेकेदार को (इंडियन ह्यूम पाईप) के अधिकारियों के साथ लम्हेटाघाट में बन रहे इनटेक बेल और वाईट ट्रीटमेन्ट प्लांट का निरीक्षण किया जबलपुर के 6 नगरी निकायों के डेढ़ लाख आबादी दो साल से नर्मदा जल का इंतहार कर रही है।अत: निरीक्षण के समय ठेकेदार और कम्पनी ने बताया कि अक्टूबर के अन्त तक भेड़ाघाट को और दिसम्बर के अन्त तक पाटन कटंगी, मझौली को और आगामी मार्च के अब तक पनागर और सिहोरा नगरों को नर्मदा जल पहुंचा दिया जायेगा।उल्लेखनीय हैं कि इस योजना के अंतर्गत 500 किलोमीटर लम्बी पाईप लाईन बिछाकर 12 नई और 11 पुरानी पानी की टंकीयों को जोड़कर , 6 नगरों को सन् 2048 तक बढ़ने वाली जन संख्या को सातों दिन 24 घंटे नर्मदा जल पहुंचाया जायेगा। आगामी 10 वर्षों तक ठेकेदारदार कम्पनी पूरे सिस्टम की देखभाल जिसके लिये शासन कम्पनी को 60 करोड़ का भुगतान करेगी।

# एमपी सिविल जज की परीक्षा 25-26 सितंबर को



## मेरिट में शामिल 251 अयर्थियों के साथ 980 आवेदक देंगे दूसरे चरण की परीक्षा

### कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद मिला मौका

**जबलपुर।** एमपी हाईकोर्ट द्वारा आयोजित कराई गई सिविल जज-2019 के दूसरे चरण की परीक्षा में 980 और आवेदकों को मौका दिया गया है। इससे पहले 251 अभ्यर्थियों को मेरिट लिस्ट में शामिल किया गया था। सिविल जज की परीक्षा में 4 गलत सवालों और दो डिलिट कर दिए गए प्रश्नों को लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई थी। याचिका की सुनवाई के दौरान पल्लव मोंगिया बनाम दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश का रिफरेंस दिया गया था।

मध्य प्रदेश सिविल जज परीक्षा-2019 की परीक्षा 20 मार्च 2021 को हुई थी। परिणाम 24 मई 2021 को आया था। प्रारंभिक परीक्षा की अपलोड उत्तर कुंजी में 4 के उत्तर गलत थे, तो 2 सही जवाबों को डिलीट कर दिया गया था। 150 अंकों की इस परीक्षा में कट ऑफ मार्क्स के आधार पर मेरिट लिस्ट में 68 आवेदक नहीं आ सके। इस मामले को हाईकोर्ट में आवेदक अंकित ने 08 जून को याचिका के माध्यम से चुनौती दी। अंकित के साथ ही 68 लिस्ट मैटर को कनेक्ट कर दिया गया। बाद में 16 और रिट याचिकाओं को भी इससे कनेक्ट करते हुए एक साथ हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू की।

### 14 जुलाई को हाईकोर्ट ने रिटायर्ड जजों की बनाई थी समिति

अंकित वर्सेज मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के इस याचिका की पैरवी अभ्यर्थियों की ओर से अधिवक्ता प्रशांत मनचंदा ने की। उन्होंने सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए पूर्व के रेफरेंस और तर्कपूर्ण तथ्य रखे। इस पर स्व्क्ष हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मोहम्मद रफीक और विजय धगट की डिवीजन बेंच ने 14 जुलाई को अभ्यर्थियों को राहत देते हुए हाईकोर्ट के दो रिटायर्ड जस्टिस केके त्रिवेदी और सीवी सिरपुरकरी की एक कमेटी बनाई थे। दोनों पूर्व जजों की कमेटी ने जांच में अभ्यर्थियों के दावों को सही पाया।

पहले 251 अभ्यर्थियों को मिली राहत कमेटी के निर्णय और पुनर्मूल्यांकन के बाद कट ऑफ लिस्ट से वंचित रह गए 251 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया। हाईकोर्ट पूर्व की कट ऑफ लिस्ट में आ चुके अभ्यर्थियों को दूसरे चरण की परीक्षा में शामिल होने का आदेश पहले ही दे चुकी थी। सिविल जज की परीक्षा कराने वाली समिति ने एक त्रुटि कर दी। दरअसल जो रि-वैल्युएशन के बाद जो लिस्ट तैयार की। उसमें पुराने और नए की कट आफ मार्क्स में अंतर कर दिया। समिति ने कट ऑफ मार्क्स पुराना ही रखा, जबकि पहली लिस्ट में सफल 1942 आवेदकों में सबसे न्यूनतम अंक तय कट ऑफ से नीचे चला गया था। सामान्य आवेदकों के लिए कट आफ 115 अंक तय किया गया था। रि-वैल्युएशन के बाद पहली सूची में शामिल न्यूनतम अंक पाने वाले आवेदक के अंक घटकर 111 रह गए।

अधिवक्ता प्रशांत मनचंदा ने रिव्यु याचिका लगाकर इस त्रुटि को सुधारने की बात कही। कोर्ट में परीक्षा कराने वाली समिति ने इसे माना और कट आफ के अंक घटाकर नए सिरे से सूची तैयार की, पर इस बार भी एक त्रुटि और रह गई। रि-वैल्युएशन के बाद पहली सूची में शामिल एसटी के आवेदकों के अंक न्यूनतम क्वालीफाई के लिए निर्धारित अंक 82 से घटकर 78 हो गए। रिव्यु याचिका की ओर से फिर इस बिंदु को उठाया गया।

### सिविल जज-2019 परीक्षा मामला

MP हाईकोर्ट ने दो रिटायर्ड जजेस की कमेटी बनाई, दो सप्ताह में 68 परीक्षार्थियों के मामले में निर्णय लेगी कमेटी, 13 व 14 अगस्त को होनी है मुख्य परीक्षा जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने न्यूनतम क्वालीफाई शब्द को ही इस प्रकरण से हटा दिया। इसका फायदा 980 और आवेदकों को मिला। अब ये भी दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। अब दूसरे चरण की मुख्य लिखित परीक्षा में कुल 251 पदों के लिए 3177 अभ्यर्थियों बैठ सकेंगे। ये परीक्षा 25 व 26 सितंबर को कराने का निर्णय लिया गया है।

हाईकोर्ट ने तीसरी बार परीक्षा की नई तारीख घोषित की है। सभी आवेदकों को दूसरे चरण की मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए अपने आवेदन पत्र 14 सितंबर की शाम 5.00 बजे तक खुद या डाक के माध्यम से परीक्षा कक्ष प्रशासनिक भवन मध्यप्रदेश के उच्च न्यायालय जबलपुर में जमा करना होगा। पहले के सफल आवेदक जो दूसरे चरण के लिए आवेदन नहीं भर पाए थे, उन्हें भी छूट दी गई है। 980 सफल अभ्यर्थियों के लिए जबलपुर शहर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे।

## जश्ने हिन्दुस्तान में कोरोना योद्धा का सम्मान एवं ऑल इण्डिया मुशायरा आज

**जबलपुर**। 4 सितम्बर की शाम 6 बजे शहीद स्मारक प्रांगण में एक कार्यक्रम जश्ने हिन्दुस्तान का आयोजन किया जा रहा है, साहित्यिक संस्कृतिक एवं समाजिक संस्था हमसब के द्वारा किये जा रहे इस कार्यक्रम में ऐसे यौद्धाओं का सम्मान किया जा रहा है जिन्होने सहित्य स्वास्थ, समाजिक, पत्रकारिता एवं अन्य क्षेत्रों में कोरोना काल के दौरान जागरूकता के लिए असाधारण कार्य किये हैं एवं कार्यक्रम में अशोक मिज़ाज बद्र साहब ( सागर ) की कृति श्री राम की कहानी का विमोचन भी किया जायेगा ।संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यक्रम के अंतिम चरण में एक ऑल इंण्डिया मुशायरें का आयोजन भी किया जा रहा है आयोजक डॉ. शोएब हसन साहब के इस मुशायरे की निज़ामत मन्नान फराज़ साहब करेगें, मुशायरे में जबलपुर के शायारों के साथ साथ हिन्दुस्तान के अन्य शहरों एवं बहरीन ( दुबई ) के शायर भी मुशायरें में अपनी उपास्थिती दर्ज करायेगें।

## अज़ीममुश्शान महफिल-ए-मसालमा

**जबलपुर** । 05 सितम्बर रविवार को रात 9 बजे से अत्हर उल्ला शाह इकरार हुसैन (गद्दी नशीन) की सरफरस्ती में आस्ताना हजरत बहादुर अली शाह मोमिनपुरा, गोहलपुर, जबलपुर में अजीममुश्शान महफिल–ए–मसालमा का आयोजन किया जा रहा है ।जिसके मुख्य अतिथि प्रो. फिरोज कमाल, मतीन अंसारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, शफीक हिना पूर्व पार्षद, इतिहार अंसारी पूर्व पार्षद, आरिफ पहलवान, आजाद अंसारी, मेहफूज टेलर मास्टर उपस्थित रहेगें ।इस कार्यक्रम में उपस्थित शायर जमील असगर (बुरहानपुर), इशत्यिक कामिल (नागपुर), अतावारिस (दमोह), अब्दुल गफ्फार भारती (करेली), जावेद राना (बुरहानपुर), निमाज मजाज, शेख निजामिन, मनसुर शाबरी, इरहार अलाम आदि उपस्थित रहेगें ।मंच संचालन मुख्तार नादिर जबलपुर करेगें।

## लॉटरी रूपी सट्टे से प्रदेश की होगी बर्बादी, कांग्रेस करेगी जन आंदोलन

**जबलपुर**। शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के द्वारा लाटरी रूपी सट्टे की अनुमति की घोषणा पर कटु आलोचना की है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को चेतावनी दी है कि लाटरी सट्टा से प्रदेश की जनता को बर्बाद ना करें। यदि सरकार अपना निर्णय वापिस नहीं लेती है तो कांग्रेस प्रदेश को बर्बादी से बचाने के लिए जन आंदोलन करेगी। श्री यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार हर तरफ से जनता को लूटना चाहती। आगामी पीढ़ी को बर्बाद करने पर तुली हैं। पहले नोटबंदी करके लूटा, फिर जीएसटी के नाम लूटा, अब महंगाई से लूट रही है। अनाप–शनाप योजनाएं लाकर और अपने झूठे प्रचार प्रसार में हर दिन करोड़ों रुपए खर्च कर प्रदेश को कर्जे में डुबो रही है और जनता पर कर्ज का बोझ ला डाल रही है। देश की संपत्ति का निजी कारण कर देश को लूट रही है। अभी भी संतोष नहीं हुआ तो अब भाजपा प्रदेश शासित सरकारें लॉटरी रूपी सट्टा की अनुमति देने की तैयारी में है। हर घर को बर्बाद करने जा रही हैं। शिवराज सिंह पूरे प्रदेश को अराजक बनाना चाहते हैं। हर गली मोहल्ले में अबैध कारोबार का रोजगार ख?ा कर रहे हैं। शिवराज सिंह को शायद जनता से अधिक अवैध कमाई पसंद है। भाजपा कि पूर्व सरकार सुंदरलाल पटवा के कार्यकाल उन्हें याद नही। पटवा सरकार में लॉटरी की शुरुआत हुई थी। जिसने परिवार के परिवार बर्बाद कर दिए थे। परिवार के सदस्यों ने आत्म हत्याएं तक की। अनेक जगहों की तो दर्दनाक घटनाएं ऐसी थी कि आर्थिक तंगी से परिवार सहित लोगों ने सुसाइड किए। इस प्रदेश में बहुत ही खतरनाक मंजर देखे थे, आज वही कार्य शिवराज सरकार पुन: दोहराने जा रही हैं ।मध्य प्रदेश के युवक कांग्रेस ने पटवा मटका के नाम पर आंदोलन किया था। तब जाकर वह लॉटरी बंद हुई थी ।

# कल से हो सकती है जोरदार बारिश

### अगस्त में 18 दिन में केवल 88.2 मिलीमीटर बारिश

**जबलपुर,यशभारत**। मानसून के कमजोर होते ही मध्यप्रदेश में तेज बारिश फिर थम सी गई है। अभी भी कहीं–कहीं रिमझिम बारिश हो रही है, लेकिन ज्यादा पानी नहीं गिरने से प्रदेश के कई हिस्सों में हालत बिगड़ने लगे हैं। जबलपुर समेत 15 जिले सूखे की चपेट में आ गए हैं। मौसम विभाग ने एक राहत भरी खबर दी है कि बंगाल की खाड़ी में एक चक्रीय चक्रवात बन रहा है जिससे जबलपुर समेत पूर्वी मध्यप्रदेश में पांच सिंतबर से 7 सिंतबर के बीच जोरदार बारिश होने की संभावना बन रही है। वैसे अगस्त महीने में इस बार केवल 18 दिन पानी गिरा इस दौरान 88.2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई जो अगस्त की औसत बारिश से 342.8 मिलीमीटर से कम है। अगस्त महीने की औसत बारिश 431मिलीमीटर है। इस बीच दिन में उमस और धूप–छांव के साथ अगले 24 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, जबलपुर और होशंगाबाद समेत 6 जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश होगी। प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। रिमझिम से जमीन को तो फायदा हुआ पर जलाशय प्यासे ही हैं। ऐसे में मौसम वैज्ञानिकों को सितंबर में बंगाल में बन रहे सिस्टम से उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार 5 सितंबर से अच्छी बारिश होगी। खासतौर पर जबलपुर समेत पूर्वी मध्यप्रदेश में 5 से 7 के बीच तेज बारिश की उम्मीद है। अगर दो दिन में लगातार बारिश होती है, तो स्थिति बेहतर हो सकती है। सितंबर में तीखी धूप और उमस ज्यादा रहती है। इससे लोगों को गर्मी का एहसास होता है। इस दौरान दिन का तापमान अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पार और रात का पारा करीब 22 डिग्री के करीब रहता है। ऐसे में दिन में गर्मी और रात को ठंडक होती है। हालांकि सितंबर में आंधी के साथ तेज बारिश होती है। प्रदेश में सूखा प्रभावित इलाकों की संख्या बढ़ती जा रही है। सबसे ज्यादा इलाके जबलपुर जिले के साथ बुंदेलखंड और मालवा–निमाड़ के साथ हैं। जबलपुर, मंडला, सिवनी छतरपुर, सागर, दमोह, पन्ना, कटनी, बालाघाट में इंदौर, देवास, बड़वानी, खरगोन, हरदा, होशंगाबाद में सामान्य से काफी कम पानी गिरा है। इससे यह सूखे की चपेट में आ गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून ट्रफ लाइन राजस्थान के उदयपुर से मप्र के गुना होते हुए बंगाल की खाड़ी तक फैली है। सौराष्ट्र के ऊपर चक्रवातीय गतिविधियां सक्रिय हैं। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में सिस्टम तैयार हो रहा है। यह 5 सितंबर को बनेगा। इससे 5सितंबर से जबलपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में अच्छी बारिश होगी।

**-बारिश** - पिछले 24 घंटों में .8मिलीमीटर और एक जून से अब तक 475.2 मिलीमीटर गत वर्ष आज के दिन .6मिलीमीटर और 4 सितंबर की सुबह तक 956.8 मिलीमीटर बारिश हुई थी।

**तापमान अधिकतम** -32.7 सामान्य से दो डिग्री अधिक **न्यूनतम** -22.9 सामान्य से एक डिग्री कम।



## स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर रेल अधिकारियों ने निकाली साइकिल रैली

**जबलपुर यश भारत।** फिट इंडिया फिट डब्ल्यू सी आर अभियान 2.0 के तहत डीआरएम संजय विश्वास के नेतृत्व में रेल अधिकारी सर्व दीपक कुमार गुप्ता अमितोज बल्लभ, अभिराम खरे, संजय यादव आदि ने आज सुबह डी आर एम बंगले से डुमना तक 10 किलोमीटर की साइकिल रैली निकालकर स्वास्थ्य के प्रति सजगता की प्रतिज्ञा ली। देशव्यापी फिट इंडिया रन के तहत रेलवे में भी स्वास्थ्य के प्रति रेल कर्मचारियों को जागरूक रहने और नियमित अभ्यास करते रहने का संदेश देने के लिए रेलवे के अधिकारियों ने इस रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा यह रैली जहां से भी गुजरती थी आसपास के लोग रेलवे के अधिकारियों को इस साइकिल यात्रा को देखकर प्रसन्न हो रहे थे इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों ने आम लोगों से भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित व्यायाम करते रहने का लोगों को संदेश दिया ।



जबलपुर। चीफ़ जस्टिस ऑफ इंडिया से अधिवक्ता मनीष तिवारी मिले और अधिवक्ताओं की व्यवसायिक कठिनाइयों से अवगत कराया ।

## शहीद बिरसा मुंडा वार्ड हुआ सौ फीसदी वैक्सीनेटेड.

जबलपुर। नगर निगम जबलपुर का वार्ड क्रमांक-75 शहीद बिरसा मुंडा वार्ड सौ फीसदी वैक्सीनेटेड हो गया है । एसडीएम आधारताल नम: शिवाय अरजरिया के अनुसार वार्ड की मतदाता सूची में दर्ज 15 हजार 077 मतदाताओं में से बीमार, मृत और वार्ड के बाहर से वैक्सीनेटेड हुये व्यक्तियों को छो?कर शेष सभी 14 हजार 628 व्यक्तियों को कोरोना की वैक्सीन लगा दी गई है ।

## आत्मा का ना वेट है ना गेट है : आचार्य श्री

**जबलपुर**। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज कहते हैं कि जो लोग बहुत धन रखते हैं , ताला लगा कर, वे अपने को बहुत बड़ा मानते हैं लेकिन वे बहुत छोटे होते हैं। सुबह–शाम अपनी छाया अपने को तो दिखती है, लेकिन कोई उस से लाभ नही ले पाता, जिसे आप अपनी छाया मानते हैं वह जड शरीर की छाया है आत्मा की छाया तो दिखती ही नहीं है, उसका आकार नहीं होता, आत्मा का भार नहीं होता, आत्मा का ना तो वेट है ना ही गेट है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रिमझिम सोनी एलआईसी को यह सूचित करना चाहती हूं कि पॉलिसी क्र 376045870 में मेरा नाम रितिशा सोनी अंकित है जो कि मेरा चालू नाम है। मेरे सारे दस्तावेजों में मेरा नाम रिमझिम सोनी ही है। तो आपसे अनुरोध है कि यह नाम संशोधित किया जाये और अगर किसी अन्य व्यकित को आपत्ति है तो वह एलआईसी अमरपाटन में सूचित कर दें।

# त्योहार में मूर्ति रखी जा सकेंगी लेकिन भंडारा पर रहेगी रोक



### विसर्जन में शामिल हो सकेंगे 10 लोग

**जबलपुर**। जिला दंडाधिकारी कर्मवीर शर्मा ने आगामी त्योहारों को देखते हुए शुक्रवार को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिसमें प्रतिमाएं रखने की अनुमति तो दी गई है लेकिन भंडारा आदि पर रोक लगी रहेगी। इसी तरह विसर्जन में 10 लोग ही शामिल हो सकेंगे ।जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में कोरोना संक्रमण की दर में कमी को देखते हुये समय–समय पर कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधों में शिथिलता के संबंध में आदेश जारी किये गये है। इस कड़ी में 15 जुलाई को जारी आदेश यथावत् रखते हुए तथा धार्मिक कार्यक्रम एवं त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये मैं कर्मवीर शर्मा, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जबलपुर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(1) के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नानुसार प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करता हूँ।

1 – प्रतिमा के लिए पण्डाल का आकार अधिकतम 30गुणा45 फीटज्ज रखा जा सकेगा। समस्त पंडाल निर्माता (आयोजक) ऐसे पंडाल स्थापित न करे जिससे संकुचित जगह के कारण श्रद्धालुओं/दर्शको की भीड़ की स्थिति निर्मित हो तथा फिजिकल डिस्टेसिंग का पालन न हो सके। खुले भोजन, नाश्ता करने के लिये भंडारे/लंगर के आयोजन प्रतिबंधित होंगे। आयोजन स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित न हो तथा फिजिकल डिस्टेसिंग (समस्त व्यक्तियों द्वारा परस्पर न्यूनतम 6 फिट की दूरी) का पालन कराये जाने की व्यवस्था आयोजकों द्वारा सुनिश्चित की जावेगी, इस हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति आवश्यक है।

2 – मूर्ति विसर्जन सम्बन्धित आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। मूर्ति को विसर्जन स्थल पर ले जाने के लिए अधिकतम 10 व्यक्तियों के समूह की अनुमति होगी। इसके लिए आयोजकों को पृथक से अनुविभागीय दण्डाधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा।

3 – मूर्ति का विसर्जन नर्मदा नदी में न कर स्थानीय ग्रामीण, नगरीय निकाय एवं नगर निगम द्वारा चिन्हित कुण्डों/स्थलों पर ही किया जावेगा तथा माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों का पालन किया जावेगा।

4– कोविड संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए धार्मिक/सामाजिक आयोजनों के लिए चल समारोह/जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। विसर्जन के लिए सामूहिक चल समारोह की अनुमति भी नहीं होगी। ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी की गई गाईड–लाईन का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

5– सावर्जनिक स्थानों पर कोविड संक्रमण से बचाव के तारतम्य में झांकियों/पण्डालों/विसर्जन के आयोजनों में श्रद्धालु/दर्शक/व्यक्ति फेस कवर, फिजिकल डिस्टेंसिग एवं सेनेटाईजर का प्रयोग साथ ही राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये एस.ओ.पी एवं दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जावे।

कहा गया है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 तक तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 एवं अन्य सभी कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। उक्त आदेश अग्रिम आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

**टीसी गुमी**

मैं अनुज श्रीवास्तव अशोका हॉल स्कूल विजय नगर जबलपुर का छात्र था मेरी टीसी दीनदयाल से करमेता के बीच कहीं गिर गई है। घर आते समय यदि किसी को मिले तो मुझे लौटाने की कृपा करें।

मो.7999964162

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी,अनुभाग,अधारताल**

**//आम सूचना, एवं इश्तहार//**

अपील प्रकरण क्रमांक 0020/अपील/2020-2021

प्रति,

श्री एच.रिजवान असारी

पिता श्री रसीद अहमद अंसारी

निवासी- उत्तर मोतीनाला जिला जबलपुर............प्रत्यर्थी

एतद् द्वारा उपरोक्त प्रत्यर्थी को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी सैफुद्दीन अंसारी पिता श्री कमालुददीन अंसारी निवासी 2761 अहमद नगर अधारताल जिला जबलपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार गोहलपुर जिला जबलपुर के राजस्व प्रकरण 1066/अ-6(2)/2017-18 में परित आदेश दिनांक 31/03/2018 से परिवेदित होकर अपील अर्न्तत म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44 के तहत् प्रस्तुत की है, जो सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 16.9.2021 को नियत है। आप समस्त उत्तरवादीगण नियत पेशी दिनांक 16/09/2021 में उपस्थित होकर तत्संबंध में अपना पक्ष समर्थन करें। पेशी पर उपस्थित न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 2.9.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**पेशी दिनांक 16/09/2021**

**अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग-अधारताल जबलपुर**

# खुशियों का आशियाना पाकर खिले हितग्राहियों के चेहरे

### प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत



### 10 परिवारों को सौंपी गई पक्के आवासों की चाबियां

जबलपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से आवासहीन परिवारों का पक्के आवासों का सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप नगर निगम द्वारा शहरी आवासहीन परिवारों को निरंतर पक्के आवासों का उपहार दिया जा रहा है। आज प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रांझी के मोहनिया में नवनिर्मित आवासों की चाबियां जब हितग्राही परिवारों को प्रदान की गई तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। खुशियों का आशियाना पाकर आवासहीन हितग्राही परिवारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कैंट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने आज 10 आवासीय परिवारों जिनमें श्री दीपू हलवाई पिता भीमलाल, विनय कुमार तिवारी पिता आर.पी. तिवारी, जवाहर लाल साहनी पिता रामप्रित साहनी, पुरूषोत्तम दुबे पिता एन.पी. दुबे, सावित्री प्रजापति पिता स्व. दीनानाथ, अजय कामत पिता राजेन्द्र, लीना जोसफ पिता जोसफ एम.एन., शीला बेन पिता स्व. अशोक कुमार, मुलिया बाई पिता नर्बद प्रसाद, एवं शरद राजपूत पिता श्री बसंत को पक्के आवासों की चाबियां प्रदान की और सभी को यशस्वी जीवन जीने के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर केन्ट क्षेत्र के विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से निर्धन एवं आवासहीन परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान इस अवसर पर पर्यावरण को हरा–भरा रखने प्रधानमंत्री आवास योजना के परियोजना स्थल पर विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिन 10 हितग्राहियों को स्वयं के आशियाने प्राप्त हुए हैं, उन सभी को निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. ने भी शुभकामनाएं दी। आज के कार्यक्रम में अपर आयुक्त श्री परमेश जलोटे, सहायक यंत्री श्री सुनील दुबे, श्री दामोदर सोनी आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी जबलपुर का हिंदी पखवाड़ा

**जबलपुर** । सितंबर माह हिंदी पखवाड़ा मनाने की शुरुआत करते हुए 4 सितंबर 2021 दिन शनिवार समय सुबह 10ः00 से रोटरी क्लब आफ जबलपुर द्वारा आहूजा रोटरी हाल में हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । जिसमें संस्कारधानी के प्रमुख स्कूलों से छात्र छात्राए प्रतिभा पलायन देश के लिए हानिकारक विषय पर वाद विवाद में भाग लेने आ रहे है । प्रतिभा पलायन देश के लिए हानिकारक इस विषय पर एक डिबेट रखी गई है । जस्टिस तंखा मेमोरियल रोटरी इंस्टीट्यूट के दिव्यांग बच्चों के शिक्षक जोकि उन्हें समझने में अहम भूमिका रखते हैं । उनका शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर रोटरी द्वारा सम्मान किया जायेगा । रोटरी क्लब अध्यक्ष मन शरत् तिवारी ने कहा जेटीएमआरआई में हमेशा ही दिव्यांग बच्चों का व्यक्तित्व विकास और जीवन के पथ पर अग्रसर होने के लिए आत्मनिर्भर बनाते हुए प्रयास करता रहा है ।

# पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़े का शुभारंभ



### समापन अवसर पर अनेक अधिकारी व कर्मचारी होंगे सम्मानित

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 3 सितंबर से 14 सितंबर 2021 तक राजभाषा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 14 सितंबर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सभी केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों आदि में माह सितंबर के दौरान हिंदी दिवस, राजभाषा सप्ताह, पखवाड़ा अथवा माह का आयोजन हर्ष एवं उल्लास के साथ किया जाता है। तदनुसार पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय के विभागों में पखवाड़े के दौरान राजभाषा प्रयोग–प्रसार के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने और कर्मचारियों एवं अधिकारियों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी, रविशंकर सक्सेना के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए राजभाषा एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, हिंदी निबंध, हिंदी–वाव, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी श्रुत लेखन आदि प्रतियोगिताओं तथा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यालय में 3 सितंबर 2021 को मुख्य राजभाषा अधिकारी की अध्यक्षता में अधिकारी प्रश्न मंच के साथ राजभाषा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। इसमें मुख्यालय के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पखवाड़े के अंतर्गत 6 सितंबर को प्रथम सत्र में हिंदी टिप्पण एवं आलेखन एवं द्वितीय सत्र में *''सतर्क भारत समृद्ध भारत''* विषय पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 7 सितंबर को प्रथम सत्र में शुद्ध हिंदी लेखन प्रतियोगिता तथा द्वितीय सत्र में *''पमरे पर राजभाषा प्रयोग प्रसार के प्रभावी उपाय''* विषय पर हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 8. सितंबर को हिंदी श्रुत लेखन प्रतियोगिता, 9 सितंबर को कर्मचारी प्रश्न मंच तथा 13 सितंबर को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा ।राजभाषा पखवाड़े का समापन समारोह महाप्रबंधक, शैलेन्द्र कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में 14 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यालय तथा कारखानों में हिंदी का सर्वाधिक एवं सराहनीय प्रयोग करने वाले कार्यालयों को मुख्य राजभाषा अधिकारी की राजभाषा शील्ड प्रदान की जाएगी और मुख्यालय, मंडलों तथा कारखानों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महाप्रबंधक के कर–कमलों द्वारा राजभाषा पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। इसके अलावा, पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर एक नाटक ''बड़े भाई साहब'' का आयोजन किया जा रहा है।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**

**संभाग क्रमांक 04 छोटीलाईन फाटक गोरखपुर, नगर पालिक निगम, जबलपुर**

पत्रांक/सं.अ/04/क्यू/62/2021-22

दिनांक 02/09/21

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैकि संपत्तिकर पिन नं 41301848 में पंजीकृत भवनव स्वामी श्रीमति रश्मि रामरखवानी पति श्री किशोर कुमार रामरखवानी के स्थान पर आवेदक श्रीमती छवि चटर्जी पति श्री शोक कुमार चटर्जी एवं श्री अशोक कुमार चटर्जी पिता श्री एन सी चटर्जी ने मकान नं फ्लेट नं 1116/1 वार्ड क्र 13 पं बनारसीदास भानोत वार्ड प्लाट फेत्रफल 997.6 वर्गफुअ भूतल 900 वर्गफुट प्रथमतल 900 वर्गफुट द्वितीय तल विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस पर किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक/संभागीय अधिकारी**

**संभाग क्र 04 गोरखपुर**

**नगर निगम जबलपुर**

# आखिर क्यों रिटायर्ड कर्मियों का हो रहा शोषण?

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि प्रदेष के लगभग सभी विभागों के रिटायर्ड ( सेवानिवृत्त ) कर्मचारियों को रिटायरमेन्ट के दिन या बाद में भी सभी प्रकार के देयकों का भुगतान समय पर नहीं किया जाता इवन कई कर्मचारियों को तो पी.पी.ओ भी नही मिल पाता है जिससे सेवानिवृत्त या रिटार्यड होने के बाद इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कार्यालयों के चक्कर काटना पड़ता है और उनकी सुनने वाला कोई नहीं होता।

जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि सेवानिवृत्त होने के पष्चात कर्मचारियों का समय पर पेंषन निर्धारण नहीं हो पाता जिससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं जो कर्मचारी अपने विभागों में पूर्ण ईमानदारी और निष्ठापूर्ण तरीके से अपनी सेवा 30-35 वर्षों तक विभाग को देता है उसे सेवानिवृत्त होने के बाद अपने ही पैसों या अपने ही देयकों को प्राप्त करने के लिए दलालों के चक्कर काटना पड़ता है दफ्तरों में सक्रिय दलाल उनका आर्थिक शोषण करते हैं वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ कार्यालयों के अधिकारी भी असहयोगात्मक रवैया रिटार्यड/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ अपनाते है, और रिटार्यड कर्मचारी इस दफ्तर से उस दफ्तर के चक्कर काटने मजबूर हो जाता है पर उनकी कोई नही सुनता अन्ततः उनसे वसूली का कार्य प्रारम्भ हो जाता हैं ये सेवानिवृत्त/रिटार्यड कर्मचारियों के साथ अन्याय है जागरूक अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त समिति इसका पुरजोर विरोध करती है । संघ के प्रदेश अध्यक्ष-उदित भदौरिया, जियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, स्टेनली नॉबर्ट, हेमंत ठाकरे, एनोस विक्टर, एस.एन.शर्मा, अजय रजक, आदि ने कलेक्टर से मांग की है कि सभी विभागों के वरिष्ठ कार्यालयों को सख्त हिदायत दी जाए कि कोई भी सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने ही स्वात्वों के भुगतान हेतु बेवजह भटकाया न जाए।

## महगाई बढ़ रही है पर मंहगाई भत्ता नहीं

### मध्यप्रदेश के कर्मचारी 16त्न मंहगाई भत्ते से वंचित

**जबलपुर**। म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में महंगाई चरमसीमा पर पहुंच रही है। वर्तमान में गैस के दामों में बढ़ोत्तरी की गयी जिससे कर्मचारियों का आश्रित परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि केन्द्रीय कर्मचारियों को 28 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश के कर्मचारी 16 प्रतिशत महंगाई भत्ते से पीछे है जबकि कई राज्यों जैसे राजस्थान,उत्तरप्रदेश, झारखण्ड, असम, कर्नाटक, बिहार सहित कई राज्यों ने केन्द्र के सामान मंहगाई भत्ता अपने कर्मचारियों को दे दिया है। मध्यप्रदेश के कर्मचारी माननीय मुख्यमंत्री से आर्थिक संकट के दौर पर कर्मचारियों को शीघ्र राहत देने की मांग की है ताकि राज्य कर्मचारी आगामी त्योहार नवरात्रि, दशहरा, दीपावली वगैर परेशानी के मना सके। संगठन के भूपत सिंह गौतम, दिलीप सेन, पवनेश शुक्ला, ओ. पी. मरवाहा, मुकेश शुक्ला, राजाराम तिवारी आदि पदाधिकारियों ने राज्य शासन से शीघ्र मंहगाई भत्ता एवं अन्य अनार्थिक मांगों को पूर्ण करने की मांग की है ।



## खेल अकादमी के लिये टेलन्ट सर्च शुरू

जबलपुर। म0प्र0शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार खेल अकदामी टेलेन्ट सर्च का शुरू हो गया है जो 7 सितम्बर 2021 तक चलेगा। जिसमें पहले दिन प्रात: 7 बजे रानीताल खेल परिसर हॉकी टर्फ मैदान में सम्पन्न कराया गया टेलेन्ट सर्च में जबलपुर,जिले के लगभग 250 बालक बालिका ने भाग लियाएवं खिलाडियो का स्किल टेस्ट एवं फिजिकल टेस्ट लिया गया । जिला खेल और युवा कल्याणअधिकारी प्रदीप सिह रावत, जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग के सुश्री चंदा सोनी एवं खेल विभाग/शिक्षा विभाग/आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारी ,प्रशिक्षक,पी0टी0 आई0के सहयोग से टेलेंट सर्च का प्रथम दिन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## संपादकीय

# तत्काल कारगर नीति की आवश्यकता

एक अमेरिकी शोध समूह का निष्कर्ष उस धारणा की पुष्टि करता है, जो बताती है कि देश में प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा किये गए अध्ययन में बताया गया है कि कुछ शहरों में वायु प्रदूषण भारतीयों की जीवन प्रत्याशा को नौ साल तक कम कर सकता है। कह सकते हैं कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित लोग अपनी जीवन प्रत्याशा को तेरह प्रतिशत अधिक खो सकते हैं। उम्र में कमी के अलावा लोग कई तरह के असाध्य रोगों की भी चपेट में आ जाते हैं, जिसका दंश उन्हें सालों-साल भुगतना पड़ता है। फलत- परिवारों को भावनात्मक व आर्थिक संकट भी झेलना पड़ता है। यह अध्ययन स्मरण कराता है कि भारत में गंगा के मैदानी इलाकों के शहरों में करीब 48 करोड़ लोग जिस प्रदूषित वातावरण में सांस ले रहे हैं, उसका स्तर यूरोप व उत्तरी अमेरिकी की तुलना में कई गुना अधिक है। निस्संदेह, समय-समय पर सामने आने वाले तथ्यों के दृष्टिगत नागरिकों व नीति-निर्माताओं को इसे खतरे की घंटी मानते हुए सजग हो जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश के लोगों की जीवन प्रत्याशा में आशातीत वृद्धि हुई है। दुनिया में बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट के अनुसार वर्ष 1990 और 2019 के बीच भारत में जीवन प्रत्याशा 59.6 से बढ़कर 70.8 हुई है। हालांकि यह प्रत्याशा राज्यों के स्तर पर अंतर रखती है। यह भी हकीकत है कि दुनिया में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों में एक बड़ा हिस्सा भारत का भी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि वर्ष 2100 तक भारतीयों की जीवन प्रत्याशा 81 वर्ष होगी। लेकिन यह भी हकीकत है कि बेहतर जीवन के लिये हमें प्रदूषण की समस्या का कारगर समाधान तलाशना होगा। हालांकि, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की रिपोर्ट का आकलन वर्ष 2019 की स्थिति पर आधारित है, ऐसे में हवा में पीएम कणों की मौजूदा स्थिति का आकलन करके नीतियों का निर्धारण करने की जरूरत है क्योंकि अब प्रदूषण महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश आदि को भी चपेट में लेने लगा है। दरअसल, हमें इस संकट को गंभीरता से लेना होगा क्योंकि हर सांस हमें भीतर से कमजोर कर रही है। खासकर बच्चों व सांस के रोगों से पीड़ति लोगों के लिये यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। हमें फिक्र होनी चाहिए कि स्विस ग्रुप आईक्यू एयर द्वारा वर्ष 2020 में जारी रिपोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी को लगातार तीसरी बार दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी घोषित किया गया था। जिस जगह देश की रीति-नीति के निर्धारक बैठते हैं वहां प्रदूषण का यह आलम है तो शेष देश की कौन फिक्र करेगा? प्राकृतिक परिवेश में अंधाधुंध हस्तक्षेप से यह स्थिति पैदा हुई है। बीते साल देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान देश की हवा के स्वच्छ होने से इस बात की पुष्टि होती है। मौसम के मिजाज में आया बदलाव भी प्रदूषण के स्तर को बढ़ाता है। जैसे दिल्ली में ठंड की शुरुआत में स्मॉग यानी गहरी धुंध इसकी बानगी दिखाती है, जिसमें निकटवर्ती राज्यों में जलायी जाने वाली पराली की भी भूमिका होती है। लेकिन इस संकट से उबरने के लिये राज्य व केंद्र सरकार ने आधे-अधूरे प्रयास ही किये। जरूरत इस बात की है कि सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जाये ताकि वाहनों से होने वाला प्रदूषण कम हो। निर्माण गतिविधियों को नियंत्रित किया जाये तथा औद्योगिक इकाइयों की जवाबदेही तय की जाये। हालिया रिपोर्ट हमारी आंखें खोलने वाली है। हमें आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए नीतियों का निर्धारण करना होगा। इसके लिये जरूरी है कि वर्ष 2019 में घोषित केंद्र सरकार के नेशनल क्लीन एयर कार्यक्रम को कारगर ढंग से आगे बढ़ाया जाये, जिसमें देश के सर्वाधिक प्रदूषण से प्रभावित 102 शहरों में बीस से तीस फीसदी प्रदूषण की कटौती का लक्ष्य रखा गया था, जिससे जीवन प्रत्याशा में वृद्धि संभव है। स्वच्छ हवा को प्राथमिकता मानते हुए हमें पड़ोसी मुल्क चीन द्वारा हासिल लक्ष्यों से सबक सीखना चाहिए, जिसने 29 फीसदी तक प्रदूषित कणों को कम करने में सफलता पायी है। देश के स्वास्थ्य ढांचे में भी सुधार की जरूरत है।

# मास्टर जी, कैसे पढ़ाते हैं आप, यह भी तो सोचिये ?

**आज अध्यापक दिवस है और सारा देश अपने अध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त कर रहा है। यह जरूरी भी है। अपने विद्यार्थियों को बेहतर नागरिक बनाने वाले अध्यपकों के योगदान को देश-समाज को सदैव याद रखना ही होगा। पर उन शिक्षकों से भी आज यह सवाल पूछा जाना चाहिए जो अपनी क्लास को लेने के बजाय ट्यूशन पढ़ाने में ही अधिक रुचि लेते हैं। क्या उन्हें यह करना चाहिए? अब कोई यह न कहे कि ऐसा नहीं होता। उन अध्यापकों से भी यह सवाल पूछा जाए जो अपनी कक्षा में बिना किसी तैयारी के चले आते हैं। क्या यह एक शैक्षणिक अपराध नहीं है ? शिक्षक के ऊपर देश की भावी पीढ़ी को गढ़ने और तराशने की जिम्मेदारी है। लेकिन, अब भी हमारे देश के हजारों स्कूलों-कॉलेजों के शिक्षक अपनी क्लास को लेने से पहले रत्ती भर भी अध्ययन नहीं करते।**

क्लासों में भी समय से नहीं आते ! एक बार स्थायी नौकरी मिलने के बाद उन्हें लगता है कि अब तो उनका कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। उन्हें नौकरी की सुरक्षा तो मिलनी ही चाहिए। उन्हें समय-समय पर प्रोमेशन भी मिले तो किसी को आपत्ति नहीं। लेकिन, क्या उन्हें अपनी जिम्मेदारी को सही तरीके से अंजाम न देने के बदले में कोई दंड न दिया जाए ?

उत्तर प्रदेश से कुछ समय पहले खबर आई थी कि वहां 10 वीं की हाई स्कूल और 12 वीं की इंटर की परीक्षाओं के हजारों विद्यार्थियों का हिन्दी के पेपर में प्रदर्शन अत्यंत ही निराशाजनक रहा। क्या इन विद्यार्थियों के मास्टरजी जिम्मेदारी लेंगे कि उनके शिष्यों के खराब प्रदर्शन में वे भी कुछ हद तक जिम्मेदार है?

देखिए अध्यापक बनना बच्चों का खेल नहीं है। पर हमारे यहां इस क्षेत्र में वे लोग भी आ जाते हैं जिनकी इस पेशे को लेकर कोई निष्ठा तक नहीं होती। बस उन्हें तो एक स्थायी नौकरी चाहिए। वे यह कभी सोचते तक नहीं कि यह ये साधना और त्याग से से जुड़ा पेशा है। अध्यापन किसी अन्य नौकरी की तरह नहीं है। अध्यापक उसे ही बनना चाहिए जो जीवनभर अध्यापन और अपने विद्यार्थियों के हितों को ही प्राथमिकता देता हो। इस तरह के अध्यापकों का समाज में सम्मान भी होता है। अभी कुछ रोज पहले दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में इतिहास पढ़ा रहे डॉ डेविड बेकर के निधन से समूची दिल्ली यूनिवर्सिटी बिरादरी शोक में डूब गई थी। वे एक तरह से इतिहास पुरुष थे। वे 1969 से दिल्ली यूनिवर्सिटी में इतिहास पढ़ा रहे थे। उन्होंने जब यहां पढ़ाना शुरू किया तब देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं और अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन थे। वे अपने विद्यार्थियों को अपनी संतान ही मानते थे। सुबह-शाम नियमित पढ़ते-लिखते-पढ़ाते रहते थे। डेविड बेकर जैसा बनने के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है। इसी तरह डॉ नामवर सिंह भी थे। हिन्दी पट्टी का कौन सा इंसान होगा जिसने उनकी ख्याति नहीं सुनी होगी। वे जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी में हिन्दी पढ़ाते थे। उनकी कक्षाओं को छात्र कभी मिस नहीं करते थे।

देखिए अध्यापन से पवित्र दूसरा कोई काम नहीं हो सकता। अध्यापक को अपने मेधावी छात्रों की तुलना में कमजोर शिष्यों पर फोकस करना चाहिए। मेधावी विद्यार्थी तो अपना काम निकाल लेगा। पर जो कक्षा में पिछली कतार में बैठा है उसकी तरफ अधिक ध्यान देना होगा। आमतौर पर अध्यापक समझते हैं कि उनके मेधावी विद्यार्थियों को उनकी बात समझ आ गई तो बाकी सबको भी समझ आ गई। अध्यापक को अपनी कक्षा में उन्नीस रहने वाले बच्चों को बार-बार समझाना होगा। उन्हें धैर्य से काम लेना होगा। उन्हें प्रेरित करते रहना होगा ताकि वे उनसे सवाल पूछें। मारपीट करने से बात नहीं बनेगी। अध्यापकों को अपना आचरण और व्यवहार भी अनुकरणीय रखना होगा। उन्हें स्कूल-कॉलेज में सही वेषभूषा ही पहन कर ही आना चाहिए। मुझे कोरोना काल से पहले राजधानी के एक स्कूल में जाने का मौका मिला। मुझे वहां पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया था। मुझे यह देखकर घोर निराशा हुई कि उस स्कूल के बहुत से अध्यापक उस दिन जींस पहनकर आए हुए थे। मुझे लगता है कि अध्यापकों को स्कूल या कॉलेज में जींस पहनने से बचना चाहिए। वे स्कूल के बाहर जींस पहनने के लिए स्वतंत्र हैं। कुछ स्कूलों के अध्यापक अपने शिष्यों को उनकी जाति से भी संबोधित करने से बाज नहीं आते। ये सरासर गलत परम्परा है। आप देखेंगे कि हमारे यहां कई शिखर हस्तियों के अंदर का अध्यापक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के बाद भी जीवित रहा। जैसे कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद देश के राष्ट्रपति बनने के बाद भी राष्ट्रपति भवन के अंदर स्थित विद्लाय में लगातार पढ़ाया करते थे। वे अक्सर 10 वीं और 11 वीं की कक्षाओं को पढ़ाने पहुंच जाते थे। वे कक्षा में पूरी तरह से शिक्षक बन जाया करते थे। उन्हें बच्चों को हिन्दी और इंग्लिश व्याकरण पढ़ाना पसंद था। एपीजे अब्दुल कलाम देश के राष्ट्रपति बने तो वे भी राष्ट्रपति भवन के स्कूल में निरंतर आने लगे। वे यहां स्वाधीनता दिवस या गणतंत्र दिवस समारोहों के अलावा भी पहुंच जाया करते थे। वे किसी भी क्लास में चले जाते थे। वे वैज्ञानिक थे। तो उनकी पाठशाला में विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर ही बातें होती थीं। वे बच्चों को प्रेरित थे कि वे अपने अध्यापकों से सवाल पूछे।

महात्मा गांधी भी मास्टरजी बने थे।ये तथ्य कम ही लोग जानते हैं। उनकी दिल्ली की वाल्मिकी बस्ती में पाठशाला चलती थी। उनकी कक्षाओं में सिर्फ बच्चे ही नहीं आते थे। उसमें बड़े-बुजुर्ग भी रहते थे। वे वाल्मिकि मंदिर परिसर में 1 अप्रैल 1946 से 10 जून,1947 तक रहे। वे शाम के वाल्मिकी बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। उनकी पाठशाला में खासी भीड़ हो जाती थी।

बापू अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में साफ-सुथरे हो कर नहीं आते थे। वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। वे मानते थे कि स्वच्छ रहे बिना आप ज्ञान अर्जित नहीं कर सकते। ये संयोग ही है कि इसी मंदिर से सटी वाल्मिकी बस्ती से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। वो कक्ष जहां पर बापू पढ़ाते थे, अब भी पहले की तरह ही बना हुआ है। यहाँ एक चित्र रखा है, जिसमें कुछ बच्चे उनके पैरों से लिपटे नजर आते हैं।

तो अध्यापक दिवस पर देश की समस्त अध्यापक बिरादरी को एक बार पुन- बधाई। उनसे देश इस बात की अपेक्षा रखेगा कि वे शिक्षक धर्म का पूरी तरह से निर्वाह करेंगे और शिक्षण कार्य को मात्र नौकरी की तरह नहीं, बल्कि; राष्ट्रनिर्माण का महान कार्य समझकर शिक्षण कार्य का पूरा आनंद लेंगे।

**-आर.के. सिन्हा**

**ये लेखक के अपने विचार हैं**

## शिक्षक तो अनमोल है.....

नूर तिमिर को जो करें, बांटे सच्चा ज्ञान !
मिट्टी को जीवित करें, गुरुवर वो भगवान !!

भरें प्रतिभा, योग्यता, बुनता सभ्य समाज !
समदृष्टि, सद्भाव भरें, पूजनीय ऋषिराज !!

जब रिश्ते हैं टूटते, होते विफल विधान !
गुरुवर तब सम्बल बने, होते ब? महान !!

धैर्य और विवेक भरें, करते दुर्गुण दूर !
तप, बल से निर्मित करें, सौरभ निर्भय शूर !!

नानक, गौतम, द्रोण सँग, कौटिल्या, संदीप !
अपने- अपने दौर के, मानवता के दीप !!

चाहत को पर दे यही, स्वप्न करे साकार !
शिक्षक अपने ज्ञान से, जीवन देत निखार !!

शिक्षक तो अनमोल है, इसको कम मत तोल !
मीठे हैं परिणाम बहुत, कड़वे इसके बोल !!

गागर में सागर भरें, बिखराये मुस्कान !
सौरभ जिसे गुरू मिले, ईश्वर का वरदान !!

**—प्रियंका सौरभ**
**रिसर्च स्कॉलर,**

# आपका राशिफल 5 सितम्बर

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-5-7-8

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चितनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो या यी यू
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-7-9


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**मकर** — भो जा जी खी खू खे खो गा गी
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-4-7-9

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 5545



**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी ?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलूं' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेन्द्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नहीं' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरुणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लकी अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'कुली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५

**फिल्म वर्ग पहेली- 5544**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रेरक प्रसंग

# इस तरह महर्षि भृगु ने ली थी तीनों देवों की परीक्षा, विष्णु ने सहलाया था मुनि का पैर



महर्षि भृगु ब्रह्माजी के मानस पुत्र थे। वे सप्तर्षि मंडल के एक ऋषि हैं। सावन और भाद्रपद में वे भगवान सूर्य के रथ पर सवार रहते हैं। एक बार की बात है, सरस्वती नदी के तट पर ऋषि - मुनि एकत्रित होकर इस विषय पर विवाद हो गया कि ब्रह्माजी, शिवजी और श्रीहरि में सबसे बडे और श्रेष्ठ कौन है? इसका कोई निष्कर्ष न निकलता देख उन्होंने त्रिदेवों की परीक्षा लेने का निश्चय किया और ब्रह्माजी के मानस पुत्र महर्षि भृगु को इस कार्य के लिए नियुक्त किया। भृगु सर्वप्रथम ब्रह्माजी के पास गए। उन्होंने न तो प्रणाम किया और न ही उनकी स्तुति की। यह देख ब्रह्माजी क्रोधित हो गए। क्रोध की अधिकता से उनका मुख लाल हो गया। आंखों में अंगारे दहकने लगे, लेकिन फिर यह सोचकर कि ये उनके पुत्र हैं, उन्होंने हृदय में उठे क्रोध के आवेग को विवेक-बुद्धि से शांत कर लिया।

वहां से महर्षि भृगु कैलाश गए। देवाधिदेव भगवान महादेव ने देखा कि भृगु आ रहे हैं तो वे प्रसन्न होकर अपने आसन से उठे और उनका आलिंगन करने के लिए भुजाएं फैला दीं। किंतु उनकी परीक्षा लेने के लिए भृगु मुनि उनका आलिंगन अस्वीकार करते हुए बोले - महादेव ! आप सदा वेदों और धर्म की मर्यादा का उल्लंघन करते हैं। दुष्टों और पापियों को आप जो वरदान देते हैं, उनसे सृष्टि पर भयंकर संकट आ जाता है।

इसलिए मैं आपका आलिंगन कदापि स्वीकार नहीं करूंगा। उनकी बात सुनकर भगवान शिव क्रोध से तिलमिला उठे। उन्होंने जैसे ही त्रिशूल उठा कर उन्हें मारना चाहा, वैसे ही भगवती ने बहुत अनुनय - विनय कर किसी प्रकार से उनका क्रोध शांत किया। इसके बाद भृगु मुनि वैकुण्ठ लोक गए। उस समय भगवान श्रीहरि देवी लक्ष्मी के साथ क्षीरसागर में विश्राम कर रहे थे।

भृगु ने जाते ही उनके वक्ष पर एक तेज लात मारी। भक्त - वत्सल भगवान विष्णु शीघ्र ही अपने आसन से उठ खडे हुए और उन्हें प्रणाम करके उनके चरण सहलाते हुए बोले - भगव-! आपके पांव में चोट तो नहीं लगी? कृपया इस आसन पर विश्राम कीजिए। भगवन ! मुझे आपके शुभ आगमन का ज्ञान न था। इसलिए मैं आपका स्वागत नहीं कर सका। आपके चरणों का स्पर्श तीर्थों को पवित्र करने वाला है।

आपके चरणों के स्पर्श से आज मैं धन्य हो गया।÷ भगवान विष्णु का यह प्रेम-व्यवहार देखकर महर्षि भृगु की आंखों से अश्रु बहने लगे। उसके बाद वे ऋषि-मुनियों के पास लौट आए और ब्रह्माजी, शिवजी और श्रीहरि के यहां के सभी अनुभव विस्तार से कह बताए। उनके अनुभव सुनकर सभी ऋषि- मुनि बडे हैरान हुए और उनके सभी संदेह दूर हो गए। तभी से वे भगवान विष्णु को सर्वश्रेष्ठ मानकर उनकी पूजा-अर्चना करने लगे। वास्तव में उन ऋषि-मुनियों ने अपने लिए नहीं, बल्कि मनुष्यों के संदेहों को मिटाने के लिए ही ऐसी लीला रची थी।

## सूडोकु नवताल- 6063

**★★★✫☆ मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6062 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## विचार प्रवाह



मां बड़ी है या बेटा? यह प्रश्न पूछने पर दुनिया कहेगी मां बड़ी है। यह सच भी है। लेकिन महावीर एक नये सत्य का उदघाटन करते हैं। वे कहते हैं मां बड़ी है यह निर्विवाद सत्य है लेकिन एक दृष्टि से बेटा बड़ा है, मां छोटी है यह भी सत्य है, कारण कि जब बेटा पैदा होता है तब बेटा ही पैदा नहीं होता, मां भी पैदा होती है। वह स्त्री बेटा पैदा हाने से पहले मां नहीं थी और बेटा मर जाये तो भी मां नहीं रहेगी। उसे मां यह संज्ञा बेटा होने के कारण ही मिली है। पहले बेटा पैदा हुआ, फिर वह मां हुई। इस कारण बेटा बड़ा है और मां छोटी यही है अनेकान्त दृष्टि।

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7136




**बाएँ से दाएँ**

1.चोगा,गाऊन-3
3.पायजामा,शलवार-4
6.भाग्य,लक-3
7.सूर्य,भास्कर-2
8.बिता हुआ दिन-2
10.न्यूनता,निम्नता-5
12.मैडल,पदक-3
15.माला का मोती-3
17.कुलिन स्त्री-5
20.थूक,लेस-2
22.विलंब,लेट-2
23.जाँच,निरीक्षण-3
24.श्मशान,शवदाहगृह-4
25.साफ,बेदाग-3

**ऊपर से नीचे**

2.दानशीलता,उदारता-5
3.पाठ,शिक्षा-3
4.रात्रि जागरण-4
5.नेत्रावरण-3
7.लीन,मगन-2
9.बुरी आदत-2
11.कामदेव-3
13.मगरमच्छ-3
14.इंतजार करना-2,3
15.आलेप,लोशन-4
16.सफेद का विलोम-2
18.पानी से सराबोर-2
19.माजरा,हालात-3
21.रिपोर्ट-3

**शब्द पहेली -7135 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# 30 प्रतिशत तक अवैध निर्माण को वैध करने चुकाना होगा कलेक्टर गाइडलाइन के 10 फीसद तक कंपाउडिंग शुल्क



**भोपाल।** अवैध निर्माण को वैध कर सरकारी खजाना भरने के चलते राज्य सरकार ने दरें निर्धारित कर दी है। 30 फीसद तक अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए अब कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से 10 फीसद तक कंपाउडिंग शुल्क चुकाना होगा। आम जनता को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने हाल ही में गजट नोटिफिकेशन जारी कर दरें निर्धारित की है। खास बात यह है कि अगर 22 फरवरी तक अपने 30 फीसद तक के अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए लोग आवेदन करते है तो जो निर्माण के हिसाब से जो शुल्क निर्धारित होगी उसमें 20 प्रतिशत की छूट भी राज्य सरकार देगी। इधर, रियल एस्टेट से जुड़े जानकारों का कहना है कि सरकार ज्यादा राजस्व कमाना चाहती है तो इस शुल्क को कम रखा जाना था ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका फायदा मिल सके, लेकिन सरकार ने कंपाउडिंग शुल्क की दरें काफी ज्यादा निर्धारित की है। बता दें कि शहर में अरेरा कॉलोनी, ईदगाह हिल्स, बैरागढ़, शाहपुरा, 10 नंबर मार्केट सहित पांच दर्जन से अधिक क्षेत्र ऐसे है जहां 30 फीसद से ज्यादा अवैध निर्माण मकानों, दुकानों और अन्य बिल्डिंग स्ट्रक्चर में हो गया है। लिहाजा करीब 30 हजार से ज्यादा प्रापर्टी शुल्क चुकाकर नियमितिकरण के दायरे में आ जाएगी। हालांकि 10 हजार से ज्यादा व्यक्तिगत मकान या बंगले ऐसे है जहां कहीं न कहीं किसी तरह का नक्शे के विपरीत निर्माण होता है। वहीं 15 हजार से ज्यादा मल्टियां भी इस नियम का लाभ ले सकेंगी।अगर 30 प्रतिशत से ज्यादा अवैध निर्माण तो प्रशासन पहले इस अधिक अवैध निर्माण को तोड़ेगी। इसके बाद कपांउडिंग शुल्क लेकर इसे वैध करेगी।

### पर्यटन महत्व की दृष्टि से संवेदनशील बिल्डिंग में नहीं लागू होगा कंपाउडिंग शुल्क

तीन प्रतिशत से ज्यादा अवैध निर्माण करने पर प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण हटाकर सिर्फ 30 प्रतिशत छोड़ा जाएगा इसके बाद ही इसे वैध किया जा सकता है। आग लगने के बाद बुझाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं तो भी उस हिस्से की कंपाउंडिंग नहीं होगी। बिल्डिंग पर्यटन महत्व की दृष्टि से संवेदनशील श्रेणी में है तो कंपाउंडिंग नहीं होगी। किसी नाले या जल धारा के बीच वह अवैध हिस्सा न आता हो। नदी किनारे से 30 मीटर या ऐसी और अतिरिक्त दूरी के अंदर बिल्डिंग नहीं आती है तो ही अवैध हिस्सा वैध हो सकेगा।

### ऐसे होगा 30 प्रतिशत से ज्यादा अवैध निर्माण वैध

दो तरह से कंपाउडिंग शुल्क लागू होता है। पहला तो बिल्डिंग परमिशन फीस का पांच गुना वसूला जाता है। दूसरा किए गए अधिक निर्माण के बराबर जमीन की कलेक्टर दर का 5 प्रतिशत आवासीय के केस में और 6 प्रतिशत गैर आवासीय के केस में। किसी प्लॉट पर बिल्डिंग परमिशन से अधिक निर्माण कर लिया, लेकिन वह उस प्लॉट पर मिलने वाले एफएआर की सीमा के अंदर है तो बिल्डिंग परमिशन की पांच गुना राशि देकर 10त्न तक अधिक निर्माण को वैध कराया जा सकता है। निर्धारित एफएआर या एमओएस से अधिक निर्माण कर लिया है तो निर्धारित गाइडलाइन की 5त्न राशि चुकाकर 10त्न निर्माण वैध होगा। वहीं 10 से 20 प्रतिशत तक 7.5 प्रतिशत और 20 से 30 प्रतिशत निर्माण वैध कराने के लिए 10 प्रतिशत राशि कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से चुकानी होगी। ऐसे भवन जो वाणिज्यिक, व्यापार, औद्योगिक, सिनेमागृह, होटल, अथवा मिश्रित भूमिक उपयोग वाली जमीन के लिए बिल्डिंग परमिशन फीस का छह गुना राशि वसूली जाएगी। निर्धारित एफएआर या एमओएस से अधिक निर्माण कर लिया है तो निर्धारित गाइडलाइन की 6त्न राशि चुकाकर 10त्न निर्माण वैध होगा। वहीं 10 से 20 प्रतिशत तक 9 प्रतिशत और 20 से 30 प्रतिशत निर्माण वैध कराने के लिए 12 प्रतिशत राशि कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से चुकानी होगी।

सरकार का यह स्वागत योग्य कदम है कि अगर लोग खुद अपने अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए 22 फरवरी 2022 तक आवदेन करते है तो उन्हें 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। सरकार को इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करना चाहिए। कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से 10 फीसद शुल्क काफी ज्यादा निर्धारित किया गया है। लिहाजा ज्यादा लोग इस सुविधा का फायदा लेने की वजाए हाईकोर्ट चले जाएंगे।

**नितिन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष, क्रेडाई भोपाल**



# किसे अब तक नहीं लगा प्रथम डोज, घर-घर तलाश शुरू

**भोपाल।** इंदौर के टीकाकरण के लिए प्रथम डोज लगाने का लक्ष्य पूरा कराने के बाद राजधानी में भी अब प्रथम डोज लगाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए अब घर-घर तालाश शुरू हो गई है। मतदाता सूची हाथ में लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और नगर निगम कर्मी लोगों के दरवाजे खटखटा रहे हैं। जिन्हें प्रथम डोज नहीं लग पाया है, उन्हें नजदीकी टीकाकरण केंद्र तक ले जाकर तत्काल टीका लगवाया जाएगा। दरअसल, शहर में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 19 लाख 49 हजार 470 लोगों को टीक लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से अब तक 89 फीसद यानी 17 लाख 30 हजार 723 लोगों को पहला डोज लग चुका है। करीब दो लाख लोगों को अब भी प्रथम डोज लगाया जाना है जिसे एक चुनौती के रूप में लिया जा रहा है। 6,40,542 यानी 33 फीसदी लोगों को दोनों डोज लगाए जा चुके हैं। खास बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 100 फीसद प्रथम डोज लगाए जा चुके हैं, जबकि शहरी क्षेत्र में अब भी टीकाकरण बाकी है। इसे पूरा करने के लिए बूथ लेवल ऑफीसर्स के साथ नगर निगम के जोन, वार्ड के प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और रोजगार सहायकों के जरिए ऐसे लोगों की खोजबीन कराई जा रही है। वहीं नौ नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। इधर, पुराने भोपाल में टीकाकरण तेजी से कराने के लिए वक्फ बोर्ड के दफ्तर में एसडीएम शहर जमील खान और तहसीलदार देवेंद्र चौधरी के नेतृत्व में मुस्लिम धर्मगुरुओं की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी मस्जिदों में वैक्सीनेशन कैंप लगाने को लेकर रणनीति तैयार की गई है।

### कलेक्टर ने बनाई टॉस्क फोर्स

कलेक्टर अविनाश लवानिया ने शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक संयुक्त टॉस्क फोर्स का गठन कर अधिकारियों को टीकाकरण करवाने के लिए नोडल अधिकारी बनाया है। इसके अनुसार ग्राम पंचायत फंदा ब्लॉक, ग्राम पंचायत बैरसिया ब्लॉक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल विकास मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हुजूर आकाश श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर माया अवस्थी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त एमपी सिंह, अपर कलेक्टर दिलीप यादव, अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल चंद्रप्रताप गोहल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टीटी नगर, संजय श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर संदीप केरकेट्टा, अपर आयुक्त नगर निगम शाश्वत मीना को उनके क्षेत्राधिकार का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# भोपाल के दो सरकारी स्कूल, शिक्षकों के प्रयास से बने हाइटेक, निजी स्कूलों को दे रहे टक्कर



**भोपाल ।** राजधानी के दो ऐसे स्कूल जिन्हें देखने के बाद यकीन करना मुश्किल होगा कि यह सरकारी हैं। दोनों स्कूल निजी स्कूलों को भी कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इन स्कूलों के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों के सहयोग से इन्हें सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है। कोविड काल में स्कूल में सभी बच्चों के लिए ऑनलाइन कक्षा की व्यवस्था की गई है। पीएनटी चौराहा पर स्थित दीपशिखा मिडिल स्कूल का 2019 में अस्तित्व लगभग खत्म हो गया था, लेकिन इसे फिर से शिक्षकों व जनसहयोग की मदद से सर्व सुविधायुक्त बना दिया गया है। ऐसा ही सूरजनगर का सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय प्राथमिक स्कूल झोपड़ी से पक्के भवन में तब्दील हो गया। दोनों स्कूल में प्रवेश के लिए इस साल बच्चों की संख्या बढ़ी है। निजी स्कूलों के बच्चे भी अब इन स्कूलों में प्रवेश लेने आ रहे हैं।

### सरकारी स्कूल में सीसीटीवी और हाइटेक सुविधाएं

सूरजनगर का सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय प्राथमिक स्कूल की शुरुआत 1996 में एक झोपड़ी से हुई थी। इस स्कूल का कायाकल्प शिक्षकों व प्रधानाध्यापक की मदद से किया गया। आज इस स्कूल के हर कमरे में सीसीटीवी लगे हैं, साथ ही स्मार्ट टीवी है। स्कूल की दीवारों पर आदिवासी संस्कृति की कलाएं उकेरी गई हैं। अब यहां गार्डन और दो कमरे जनसहयोग से तैयार किए जा रहे हैं। इस स्कूल में केजी-1 व केजी-2 की शुरुआत भी की गई है। हर साल इस स्कूल के शिक्षक और प्रधानाध्यापक मिलकर प्ले ग्रुप में फर्नीचर की व्यवस्था कर रहे हैं।

### स्कूल का अस्तित्व मिटा, लेकिन फिर खड़ा हो गया

70 साल पुराना दीपशिखा मिडिल स्कूल 2019 में स्मार्ट सिटी की भेंट चढ़ गया था। स्कूल को स्मार्ट सिटी ने पीएनटी चौराहा पर जगह दी। फिर से स्कूल को अपनी पहचान बनानी थी। अब यह स्कूल ऑनलाइन कक्षा चलाने वाला राजधानी का पहला सरकारी स्कूल बन गया है। दीपशिखा मिडिल स्कूल से 11 अन्य सकूलों के बच्चों को जोड़ने की तैयारी चल रही है। इस स्कूल पूरी कक्षाएं ऑनलाइन चलाई जा रही हैं। दरअसल, नए शहर में सबसे पुराने स्कूलों में शामिल दीपशिखा मिडिल स्कूल जवाहर चौक पर था। दो साल पहले इसे स्मार्ट सिटी बनाने के लिए तोड़ दिया गया। इस स्कूल को दूसरे स्कूल में मर्ज करने की तैयारी थी, लेकिन प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने स्कूल को 228 क्वार्टर के पास खंडहर पड़ी गैस राहत की बिल्डिंग में शिफ्ट करने के लिए अधिकारियों से बात की। इसके बाद यहां पर फिर से स्कूल बनकर तैयार हो गया। यहां पर प्ले ग्रुप का केजी-1 व केजी-2 के साथ-साथ पहली से आठवीं तक कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इसमें पांचवीं से आठवीं तक स्मार्ट क्लास है। वहीं निजी स्कूलों की तरह हर कक्षा में फर्नीचर, स्मार्ट बोर्ड, शौचालय, खेलने के लिए ग्राउंड, लाइब्रेरी सबकुछ तैयार हो गया। जनसहयोग से स्कूल में स्मार्ट क्लास के साथ-साथ हर कक्षा में टेबल-कुर्सी की व्यवस्था की गई। शिक्षक संतोष यादव, लक्ष्मी पंथी व धीरज साहू कोविड काल में बच्चों को लाइव पढ़ाते हैं।

स्कूल का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो गया था। उसे नए सिरे से खड़ा करना मुश्किल था, लेकिन शिक्षकों और जनसहयोग से स्कूल को सर्वसुविधा युक्त बनाया गया। - **नागेश पांडेय, प्रधानाध्यपाक दीपशिखा मिडिल स्कूल**

शिक्षकों व जनसहयोग से इस स्कूल को झोपड़ी से पक्के भवन में तब्दील किया। स्कूल में सीसीटीवी के साथ अन्य सुविधाएं भी की गईं। - **सुभाष सक्सेना, प्रधानाध्यापक सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय प्राथमिक स्कूल**

दीपशिखा स्कूल राजधानी का पहला स्कूल है जिसके साथ 11 अन्य स्कूलों को जोड़ने की तैयारी चल रही है। इससे हजारों बच्चे ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे। - **नितिन सक्सेना, जिला शिक्षा अधिकारी**



# लापरवाह कर्मचारियों पर लटकी सरकार की कार्रवाई की तलवार

**भोपाल ।** कानून-व्यवस्था का मुद्दा हो या आम जनजीवन को सहूलियत-सेवा की बात, सरकार इनमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। कर्मचारियों से लेकर शीर्ष अधिकारियों के बेहतरीन कार्यों की सराहना होगी, लेकिन लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवा में भी नहीं रखा जाएगा। ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों पर सरकार की कार्रवाई तलवार लटक गई है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने इस पर काम शुरू कर दिया है। सरकार ने तय किया है कि पूरे प्रदेश में अब ऐसे कर्मचारियों की पहचान की जाएगी, जो आम जनता को राहत देने के बजाए टाल-मटौली करते हैं। सुशासन की राह में रोड़ा बनने वाले ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ विधिवत जांच कर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति के दायरे में लाया जाएगा। इसके लिए सरकार 20-50 के नियम यानी जिसकी 20 साल की सेवा हुई है या 50 साल की उम्र को कठोरता के साथ लागू करेगी। इसके लिए अब कलेक्टर और विभाग प्रमुख को जिम्मेदार बनाया जाएगा। मंत्रालय में उच्च स्तर पर चल रहे विचार विमर्श में यह बात भी सामने आई है कि सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य शिकायत वाले फोरम में जिनकी गंभीर शिकायत आती हैं, उन्हें चिह्नित करके अलग से जांच कराकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसी तरह पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ भी अब शिकायतों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। खासतौर से जिन पुलिसकर्मी के खिलाफ रिश्वत लेने या किसी भी तरह के अपराध में शामिल होने के तथ्य मिलेंगे, उसके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। सरकार के खुफिया तंत्र ने कर्मचारियों-अधिकारियों के कामकाज पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। जिनकी कई माध्यमों से शिकायत मिलेगी, उन पर कार्रवाई होनी तय है। 20-50 के फार्मूले के तहत प्रदेश के आइएएस अधिकारी एमके सिंह को राज्य सरकार की सिफारिश पर केंद्र सरकार अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे चुकी है। इसी तरह आइपीएस अधिकारी डा. मयंक जैन को भी सेवानिवृत्त किया जा चुका है। भ्रष्टाचार के मामले में घिरे जिला खनिज अधिकारी प्रदीप खन्ना को भी सरकार अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे चुकी है।

# आओ सहेजें प्रदेश के स्वच्छता प्रहरी गिद्धों को

**भोपाल ।** पर्यावरण के निश्शुल्क स्वच्छता प्रहरी गिद्धों को सहेजने में मप्र ने अव्वल रहा है। तभी तो गिद्धों का कुनबा 9,446 का हो गया है। 04 अगस्त को विश्व भर में गिद्ध जागरुकता दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन मप्र के गिद्धों के लिए अहम दिन है। इन दिन प्रदेश भर में गिद्धों के प्राकृतिक रहवास स्थलों की रक्षा कर रहे वनकर्मी, सामाज सेवी, गिद्ध प्रेमी और पर्यावरण प्रेमी गिद्धों को बचाने के लिए जागरूकता फैलाएंगे। वन विहार नेशनल पार्क पहुंचने वाले पर्यटकों को भी प्रबंधन गिद्धों को बचाने के लिए प्रेरित करेगा। बता दें कि विभिन्न् शोध में पता चला था कि गिद्धों की सबसे अधिक मौत 1990 के आसपास हुई थी। इसकी वजह पशुओं को दी जाने वाली एक दवा को बताया जाता है। जब उक्त दवा के डोज वाले पशु मरते हैं और उन्हें जो गिद्ध खाते हैं उनकी मौत हो जाती है। केंद्र व राज्य सरकार गिद्धों को संरक्षित कर रही है। केंद्र सरकार ने हाल में भोपाल के मंडोरा स्थित गिद्ध प्रजनन केंद्र में इंक्यूबेशन सेंटर खोलने और अन्य राज्यों में गिद्ध प्रजनन केंद्र खोलने के प्रस्ताव पर सहमति दी है।

# एक करोड़ अपात्र ले रहे थे लाभ

**भोपाल।** प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के हितग्राहियों की सूची में एक करोड़ से ज्यादा अपात्रों के नाम हटाए गए हैं। इनमें बड़ी संख्या में वे व्यक्ति शामिल हैं, जिनके नाम सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज थे। लाखों संपन्न् व्यक्तियों ने भी अपने नाम सूची में जुड़वाकर रखे हुए थे। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी वन नेशन-वन राशनकार्ड योजना के लिए हितग्राहियों का सत्यापन हुआ और आधार नंबर से दोहराव की पड़ताल की गई, तब यह राजफाश हुआ। प्रदेश में अब चार करोड़ 90 लाख उपभोक्ता हैं, जिन्हें प्रतिमाह 25 हजार 400 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से रियायती दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।प्रदेश में लगातार यह शिकायत सामने आती रही है कि पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत पात्रता पर्ची जारी नहीं हो रही है। जब तक यह पर्ची जारी नहीं होती है, तब तक राशन दुकान से खाद्यान्न नहीं मिलता है। विधानसभा चुनाव के पहले भी विधानसभा में यह मुद्दा विपक्षी दल कांग्रेस ने उठाया था लेकिन चुनाव को देखते हुए जांच का काम उस गति से नहीं हो पाया था, जिसकी आवश्यकता थी।कांग्रेस सरकार में भी इस ओर खास ध्यान नहीं दिया गया लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दिशा में पहल की और वास्तविक हितग्राहियों की पड़ताल कराई। दरअसल, प्रदेश सरकार ने यह तय कर लिया था कि वन नेशन-वन राशनकार्ड योजना में हर हाल में लागू की जाएगी। इसके लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग ने सभी हितग्राहियों के आधार नंबर लिए और सबका सत्यापन कराया।सूची में दोहराव की संभावनाओं को देखते हुए सॉफ्टवेयर के माध्यम से जांच की तो इसमें बड़ी संख्या में ऐसे हितग्राहियों सामने आए, जिनके नाम एक से अधिक स्थान पर सूची में दर्ज थे। इसी तरह कई व्यक्तियों ने छह माह से राशन ही नहीं लिया था। जब विस्तृत जांच हुई तो पता लगा कि कई हितग्रहियों का निधन हो चुका है पर उनके परिजनों ने सूची में से नाम ही नहीं हटवाए। कई संपन्न व्यक्तियों के नाम भी सूची में दर्ज थे। इसकी वजह से वास्तविक गरीबों को योजना का लाभ ही नहीं मिल रहा था।खाद्य विभाग के तत्कालीन संचालक तरुण कुमार पिथोड़े ने बताया कि हमने अभियान चलाया तो एक करोड़ से अधिक अपात्रों के नाम सूची में होने की बात सामने आई। सबसे पहले इनके नाम सूची से हटाए और पात्र व्यक्तियों को चिन्हित किया गया।



लगभग 46 लाख नए हितग्राहियों के नाम सूची में शामिल किए। इन सभी को पात्रता अनुसार उचित मूल्य की राशन दुकान से खाद्यान्न् मिल रहा है। इतना ही नहीं व्यवस्था में सुधार करते हुए सभी दुकानों में पाइंट ऑफ सेल्स मशीन के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था लागू कर दी है।कुछ दुकानें, जहां नेटवर्क की समस्या है, उन्हें छोड़कर बाकी जगह पात्रों को राशन मिल रहा है। 98 फीसद से अधिक हितग्राहियों को आधार से लिंक किया जा चुका है। उपभोक्ताओं को यह सुविधा भी दी गई है कि वे यदि निर्धारित उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं लेना चाहते हैं तो अपनी पंसद की दुकान का चयन कर सकते हैं। 40 लाख 85 हजार 192 उपभोक्ताओं ने अगस्त 2020 से 2021 तक इस सुविधा का लाभ उठाया और दूसरे जिले या दूसरी दुकान से राशन प्राप्त किया।

### हर माह दो लाख 70 हजार टन लगता है गेहूं-चावल

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में हर माह लगभग दो लाख 70 हजार टन गेहूं और चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वितरित होता है। मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार प्रति किलोग्राम एक रुपये की दर से खाद्यान्न उपलब्ध कराती है।

# 10 जिलों के 212 सीसीटीवी देखकर कार लूट करने वालों तक पहुंची पुलिस

**भोपाल** मिसरोद थाना पुलिस ने कट्टे की नोक पर कार लूटकर फरार हुए दो आरोपितों को पांच दिनों की मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बदमाशों तक पहुंचने के लिए 10 जिलों के 212 सीसीटीवी खंगाल डाले। बाद में पुलिस को इंदौर से इस लूट के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। मुख्य आरोपित ने कार को लूटने के बाद अपने घर के पीछे कवर से छिपाकर रखा था। वह कार को इंदौर में ठिकाने लगाने वाला था। गिरफ्तारी के बाद पता चला कि मास्टर माइंड की भोपाल पुलिस को दुष्कर्म के मामले भी तलाश थी। मालूम हो कि 29 अगस्त को डीआइजी बंगला गौतम नगर का रहने वाले शाहरुख खान (23) कैब लेकर आइएसबीटी के बाहर खड़ा था। उसके पास एक युवक आया और 11 मील तक पांच सौ रुपये में किराये पर कैब लेकर गया था। 11 मील पर ब्रिज के पास पहुंचकर पीछे से उसका साथी बाइक से आया और कैब चालक से विवाद करने के बाद उसकी कार से चाबी निकल ली थी। बाद में कट्टा दिखाकर बाइक सवार और पहले से सवारी बनकर बैठा बदमाश कार लेकर फरार हो गए थे। बाद में पुलिस को कार के कागज और बाइक लावारिस हालत में मिले थे। पुलिस ने मामले में लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। सबसे पहले पुलिस उस बाइक के बारे में जानकारी जुटाई जिसका इस्तेमाल लूट में किया गया था। पुलिस को पता चला था कि बाइक आइएसबीटी से चोरी की गई है। उसके मालिक के बारे में पता किया तो उसकी पहचान कृष्णा हाइट्स त्रिलंगा निवासी 25 साल के विवेक पाठक के रूप में हुई। जब पुलिस ने उससे संपर्क किया तो उसने कहा कि वह इंदौर में प्रिटिंग का सामान लेने आया है। इस पर पुलिस ने उसे भोपाल आने के लिए बोला था। उसने कहा कि वह तीन दिन बाद आएगा।

### बयानों में उलझ गया था विवेक

तीन दिन बाद जब विवेक भोपाल आया तो उसने गोविंदपुरा थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दौरान राजेश सिंह भदौरिया ने उसके बयान लेने के लिए टीम को कहा। जब विवेक के बयान दर्ज कर उससे मिनिट-मिनट का हिसाब मांगा गया तो उसने कई गलत जानकारियां पुलिस को दी जिसमें वह फंस गया था। वह आठ घंटे मोबाइल बंद रखने का कारण तक पुलिस को नहीं बता पाया। इधर, पुलिस की टीम को इंदौर में कार का सीसीटीवी मिला तो पुलिस को विवेक पर शक पक्का हो गया। जब पुलिस ने उसकी मोबाइल लोकेशन ट्रेस की और उससे पूछताछ की तो वह टूट गया और उसने अपने साथी रोशन खातरकर के बारे में सब कुछ बता दिया। इधर, एक टीम सीसीटीवी की मदद से मुख्य आरोपित तक पहुंच गई थी।

### 212 सीसीटीवी देखकर पुलिस पहुंची आरोपितों तक

वारदात के बाद डीआइजी इरशाद वली ने एएसपी राजेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में सात टीमों का गठन किया था। पुलिस ने एक-एक साक्ष्य जमा करना शुरू किए थे। पुलिस ने आइएसबीटी से सीसीटीवी देखना शुरू किए और उसके बाद भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, होशंगाबाद, बैतूल, हरदा, नेमावर, खातेगांव, कन्?नोद, चापड़ा और इंदौर के खंडवा नाके तक के 212 सीसीटीवी खंगालते हुए इंदौर में मुख्य आरोपित रोशन खातरकर (21) के 146/03 न्यू दुर्गानगर बाणगंगा स्थित घर तक पहुंच गई। जहां घर के पीछे ही कार को कवर से छिपाकर रखा था। कार को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# अब सर्वसुविधायुक्त भवनों में संचालित होंगी पंचायतें

## नवीन मॉडल के 13 भवनों का कार्य पूर्णता की ओर, अन्य पंचायतों को भी किया जाएगा योजना में शामिल



**कटनी।** ग्राम पंचायत की सरकार भी जिले में अब सर्वसुविधायुक्त भवनों में संचालित होगी। सुविधाओं के बीच लोग बैठकर गांव के विकास की योजनाएं बनाएंगे। जिले में नवीन मॉडल के ग्राम पंचायत भवन तैयार कराए जा रहे हैं जो प्रदेश में अपने तरह के अलग मॉडल होंगे।

जिला पंचायत ने जिले में नए तरह के पंचायत भवनों की योजना तैयार कराई है। पुराने भवनों में देखने में आता था कि न तो उनमें पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मचारियों को ही बैठने की पर्याप्त जगह होती थी और न ही ग्रामीणों के लिए। इसको देखते हुए जिला पंचायत ने नवीन भवन का मॉडल तैयार कराया है ताकि सुविधा के बीच गांव के लोग व पंचायत प्रतिनिधि बैठकर विकास की कार्ययोजना तैयार कर सकें। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व के कई पंचायत भवनों का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा है लेकिन नवीन मॉडल के 20 लाख रूपये की लागत से तैयार कराए जा रहे भवनों के निर्माण के लिए निर्माण एजेंसी को महज 6 माह का समय दिया गया है।

इसी अवधि में उन्हें काम पूरा करना होगा। जिसके प्रथम चरण में 13 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है और उनके भवन लगभग पूर्णता की ओर हैं। उसी तर्ज पर डेढ़ दर्जन भवनों को दूसरे चरण की कार्ययोजना में शामिल किया गया है।

### रेस्ट हाउस की भी रहेगी सुविधा

अक्सर देखने में आता था कि ग्राम पंचायतों के निरीक्षण या अन्य कार्य से गए अधिकारियों को चौपाल लगाने, ग्रामीणों से संवाद या रात्रि विश्राम आदि करने की सुविधा अधिकांश स्थानों पर नहीं हो पाती थी। जिसके चलते मजबूरी में अधिकारी स्कूल भवन या अन्य स्थानों की तलाश करते रहते थे। इन सब समस्याओं को देखते हुए नवीन मॉडल के पंचायत भवनों में एक कक्ष ग्रामीण रेस्ट हाउस के नाम से भी बनाया गया है। जिसमें पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी और अधिकारियों को ग्रामीणों से संवाद, बैठक करने और रात्रि में रूकने के लिए परेशान नहीं होना होगा।

### स्वसहायता समूह की महिलाएं करेंगी संचालित

प्रदेश सरकार आजीविका मिशन के माध्यम से संचालित गांव-गांव संचालित स्व सहायता समूहों की महिलाओं को आगे लाने लगातार प्रयास कर रही है। इसको ध्यान में रखकर नवीन ग्राम पंचायत भवन के मॉडल में एक कक्ष समूह की महिलाओं के लिए भी आरक्षित होगा। कक्ष में समूह की महिलाएं अपनी गतिविधियां संचालित कर सकेंगी और उनको भी स्थल के लिए परेशान नहीं होना होगा।

### प्रथम चरण में इन पंचायतों में हो रहा काम

जिला पंचायत ने जिले के बड़वारा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत हदरहटा, विलायतकला, पिपरियाकला, ढीमरखेड़ा की महगवां बडखे़रा, कटनी की हीरापुर कौड़ियां, पौंसरा, रीठी जनपद की ढुढरी, अमगवां, लालपुरा, बड़गांव और विजयराघवगढ़ जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुन्नौर, जारारोड़ा, हंतला को नवीन मॉडल का पंचायत भवन के लिए चुना है। जिनमें से अधिकांश के काम पूर्णता की ओर हैं।



# आरटीओ कार्यालय में दलालों का साम्राज्य

## केन्द्रीय परिवहन मंत्रालय के निर्देशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

**कटनी।**

अभा वैश्य महापरिषद एवं जन लोक मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रशासन को दिए एक ज्ञापन में कहा है कि आर.टी.ओ. दलाल का साम्राज्य इस कदर फैला हुआ है कि किसी भी प्रकार परिवहन से संबंधित कार्य एवं वाहन संचालन परिचालन अनुज्ञप्ति के कार्य को पूर्ण रूप देने की लिये दलालों की शरण में जाना अनिवार्य एवं आवश्यक हो गया है। किसी भी प्रकार की कोई भी वांछित जानकारी का प्रमाणीकरण सक्रिय दलालों के आधार पर होता है। उसके अलावा किसी भी प्रकार की कोई भी विधिक प्रक्रिया का पालन अमान्य रहता है। कार्यालय क्षेत्र परिसर के अंतर्गत ही ग्रामीणों एवं आमजनों से राशि परिचालन अनुज्ञप्ति एवं परिवहन से संबंधित कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित राशि से अधिकतम राशि मनमाने पूर्ण ढंग से लगभग लगभग 10 गुना से 20 से गुना वसूली जाती है। परिषद के सदस्यों ने यह भी मांग की है कि आर.टी.ओ.कार्यालय के सामने एक नोटिस बोर्ड लगाया जाए, जिसमें यह दर्शित होना चाहिए की अगर कोई भी व्यक्ति या आमजन आर.टी.ओ.कार्यालय से संबंधित कार्य हेतु जाता है तो वह सीधे कार्यालय से अधिकारी एवं कर्मचारियों से संपर्क करके आप अपना कार्य करा सकते है। इस अवसर पर परिषद के प्रदेशाध्यक्ष अनिरूद्ध बजाज, राजकिशोर यादव, साक्षी गोपाल साहू, अनंत गुप्ता, प्रकाश जैन, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, श्याम तिवारी, अंजुला बजाज, राजेश जाटव, संजय गुप्ता, विजय मंगल चौधरी, कल्पना जितेन्द्र अहिरवार, मनोज बाझल,अंशुल बहरे की उपस्थिति रही।

# सायना में याद किए गए मेजर ध्यानचंद



**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का 116 वाँ जन्मदिन खेल दिवस के रूप में मनाते हुए चार दिवसीय खेल श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस श्रीमती पिंकी बलियानी ने करतल ध्वनि के साथ सभी का स्वागत किया। इस दिन छात्राओं और शिक्षकों के बीच बॉलीबाल मैच का आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं ने बाजी मारी। इस जीत में आर्ची ताम्रकार का प्रमुख योगदान रहा। द्वितीय दिवस में बॉस्केबाल मैच में आस्था अवस्थी और मिहिका अवल के जोशपूर्ण खेल से छात्राओं ने जीत हासिल की। श्रंखला के तृतीय दिवस में छात्रों और शिक्षकों के बीच बॉलीबाल का शानदार मैच हुआ जिसमें छात्रों ने बाजी मारी। इस मैच में यश मिश्रा ने अहम भूमिका निभाई।चतुर्थ दिवस में हॉकी मैच का आरंभ समन्वयक डॉ लोकेश दुबे ने सिक्का उछालकर किया। छात्र व शिक्षकों के दल ने पुरजोर कोशिश की लेकिन जीत शिक्षकों की झोली में गई। छात्र दल की ओर से तनिष नौगरहिया व आशुतोष अग्रवाल ने खूब जोर लगाया लेकिन श्रीमती पिंकी बलियानी के शानदार कौशल के आगे उनकी एक न चली और अंततः 2-5 से जीत शिक्षकों की झोली में जा गिरी। कार्यक्रम के समापन मेंबच्चों ने पुष्प गुच्छ देकर विजेताओं का स्वागत किया। छात्रा आस्था अवस्थी एवं अनुष्का जैन ने ध्यानचंदजी के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉआदित्य कुमार शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए अपने संदेष में कहा कि नई शिक्षा नीति में खेल को एक विषय के रूप में शामिल किया गया। खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है इसलिए खेल हर आयुवर्ग के लिए आवश्यक है।बच्चों को संबोधित करते हुए समन्वयक डॉ. लोकेश दुबे ने कहा कि खेल से अनुशासन आता है और अनुशासन विद्यार्थी जीवन का आधार है। इसलिए पढ़ाई के साथ खेलना आवश्यक है। खेल विभाग का यह प्रयास अतिप्रशंसनीय है और आगे भी ऐसे आयोजन छात्रों के हित में होंगे। श्रीमती बबिता बजाज ने बच्चों के साथ खेल विभाग के षिक्षकों को भी बधाई दी। सायना के क्रीड़ा विभागाध्यक्ष दीपक बलियानी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की सफ्लता के लिए प्राचार्य के साथ बच्चों व सभी शिक्षको का आभार जताते हुए कहा कि मेरे साथी निखिल मेहता और श्रीमती बलियानी के सहयोग के बिना यह आयोजन संभवन नहीं था। स्वलापाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**चार दिवसीय खेल श्रृंखला से हुआ आगाज**






# 4 महीने बाद रविवार से फिर शुरू होगा जिले का सबसे बड़ा हाट-बाजार

## दुकानदारों के लिए कोरोना गाइड लाईन का पालन होगा अनिवार्य


2 सिटी का पहला पन्ना

यश भारत

गरीबों पर कुछ तो तरस खाओ सरकार

**कैमोर।** कैमोर उद्योग नगरी कैमोर में प्रति रविवार को भरने वाला जिले का सबसे बड़ा हाट-बाजार इस रविवार 5 सितंबर से पुनः गुलज़ार होगा। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान अप्रैल महीने से लागू हुए लॉक डाउन के समय बाज़ार भरने पर रोक लग गई थी। तब से अब तक इस साप्ताहिक बाज़ार में रविवार और बुधवार को भी वीरानी छाई रहती थी। मजदूर और व्यापारी से लेकर आम जन को भी बाज़ार नहीं लगने से परेशानी हो रही थी। यश भारत ने लोगों की इस समस्या की ओर कई बार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। अंततः एस डी एम विजयराघवगढ़ प्रिया चन्द्रावत ने कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए रविवार 5 सितंबर से कैमोर के सन्डे मार्केट में भरने वाले इस साप्ताहिक हाट-बाजार को पुनः खोले जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैमोर का यह साप्ताहिक बाजार जिले का सबसे बड़ा ही नहीं सबसे व्यवस्थित बाजार भी है। लगभग चार-पांच एकड़ क्षेत्र में फैले बाजार स्थल में दुकानदारों के लिए पक्के चबूतरे बने हैं। चबूतरों पर धूप और बारिश से बचने के लिए शेड भी लगा है। पक्की सड़कें हैं। जिले के बाहर से भी व्यापारी यहां अपनी दुकान लेकर आते हैं। फल-सब्जी से लेकर कपड़े, बर्तन, सौंदर्य प्रसाधन, किराना, आभूषण सहित कृषि संबधित समान भी यहां की दुकानों में मिल जाता है। ठेले टपरे वाले छोटे मोटे दुकानदार, कुली, हम्माल और मजदूर वर्ग को अच्छा खासा रोजगार इस साप्ताहिक बाजार सर मिल जाता है। पिछले चार पांच महीने से बाजार बंद होने के कारण सैकड़ों परिवारों के सामने आर्थिक समस्या आ गई थी। फल और सब्जियां मनमाने दामों पर खरीदने लोग विवश थे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों ने एस डी एम को ज्ञापन सौंपकर बाजार खोलने की स्वीकृति प्रदान करने आग्रह किया था। सांध्य दैनिक यश भारत भी आम जनों की आवाज़ बनकर इस समस्या को प्रमुखता से उठाता रहा है। अंततः लोगों की यह मांग पूरी हुई एस डी एम ने बाजार खोलने अनुमति प्रदान कर दी। बताया गया कि एस डी एम के आदेश के बाद नगर परिषद कैमोर द्वारा आज बाजार स्थल की साफ सफ़ाई कराई गई। सभी वार्डों में मुनादी कराकर साप्ताहिक बाजार खुलने की जानकारी दी गई।



# बाणसागर डूब क्षेत्र वासियों को शीघ्र मुआवजा दिलाने पहल

**विजयराघवगढ़।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से एडव्होकेट सुरेंद्र पांडे जनपद उपाध्यक्ष विजयराघवगढ़ ने उनके निवास भोपाल पहुंचकर सौजन्य भेंट की एवं विद्युत विभाग की क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराते हुए श्री पांडे द्वारा मांग की गई की विजराघवगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्राम जो बाणसागर डूब क्षेत्र में आते हैं, उनके कृषि की सिंचाई सुविधा विद्युत की कमी के कारण अधूरी रहती है एवं उनकी शासन के निर्देशन में दिलाई जाने वाली मुआवजा राशि आज तक अप्राप्त है, जिसे प्रभारी मंत्री से दिलाने की मांग की गई। गरीब कृषक जो केवल कृषि पर ही आश्रित है। तत्काल पूर्व की मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाए एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं भी तत्काल निराकरण करने के आदेश किये जाए।

# जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक



**विजयराघवगढ़।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग की सहयोगी संस्था स्वयं सिद्धा एवं सिध्दात समिति भोपाल के परियोजना अधिकारी नंदकिशोर कुशवाहा के निर्देशन में जल जीवन मिशन के माध्यम से विजयरावघगढ विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहटा के ग्राम बरहटी आंगनबाडी केंद्र में आगामी कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक जल बचाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वसहायता समूह के सदस्य, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, ग्राम सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित रहे। चोपाल लगाकर बैठक के आयोजन में फील्ड अधिकारी मनोज कुमार चौधरी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को नुक्कड़ नाटक के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ ही उपस्थित ग्रामीण जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व कर्मचारियों से सुझाव भी लिया गया। ताकि हम ग्रामीण जनों को जल बचाव को नुक्कड़ नाटक के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर आने वाले ग्रीष्म ऋतु के दिनों में जल समस्या से निजात पा सके।कार्यक्रम के अंत मे फील्ड अधिकारी श्री चौधरी द्वारा सभी ग्रामीण जन सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

# नगर के मुख्य मार्गो सहित मलिन बस्तियों में कराई जा रही रोजाना सफाई

## कचरे के प्वाइंट की सफाई सहित किया जा रहा डोर टू डोर कचरे के संग्रहण कार्य



**कटनी।** रोजाना नगर के मुख्य मार्गो सहित अन्य गलियों, एवं मलिन बस्तियों की सार्वजनिक सडकों एवं नालियों की सुचारू सफाई व्यवस्था के विशेष प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं निगम के स्वच्छता निरीक्षकों के मार्गदर्शन में नगर की सफाई व्यवस्था हेतु आज प्रातः 5 बजे से निगम के स्वच्छता मित्रों द्वारा वार्ड क्रमांक 1 स्थित पन्ना मोड, बस स्टेण्ड परिसर, नदीपार मुख्य मार्ग, मिशन चौक मुख्य मार्ग, मैकेनिक लाईन, महात्मा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों, घंटाघर, चांडक चौक से सुक्खन चौक जुलूस मार्ग, वीर सावरकर वार्ड के विभिन्न मार्गो, शिवाजी वार्ड मुख्य मार्ग की सफाई एवं ग्रीन कॉलोनी में खरपतवार की कटाई, स्टेट बेंक तिराहा, एम.जी.एम हास्पिटल के सामनें, सिविल लाईन, गणेश चौक, मिर्चूमल गली, भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीरगंज पडरवारा मुख्य मार्ग सहित कवस जी वार्ड स्थित भट्टा मोहल्ला मलिन वंशकार बस्ती की सार्वजनिक सडकों की सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिडकाव, बाबू जगजीवन राम वार्ड में जैन मार्केट एरिया, पुलिस कॉलोनी एवं श्री मार्तण्ड सिंह जी के निवास के पास सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिडकाव का कार्य कराया गया। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न वार्डो के कचरा प्वाइंटों की सफाई सहित मुख्य मार्गो के डिवाइडर की सफाई व्यवस्था के तहत पन्ना मोड मुख्य मार्ग, कोतवाली थाना से मिशन चौक तक मुख्य के डिवाईडर, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, बरगवां होण्डा एजेंसी के पास के डिवाइडर की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। डोर टू डोर कचरे के संग्रहण के माध्यम से नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास भी अनवरत जारी है। नगर की नालियों की सफाई एवं सुगम पानी की निकासी हेतु राम मनोहर लोहिया वार्ड मुक्तिधाम रोड, वीर सावरकर वार्ड स्थित जैन गली की नाली के जाम की सफाई, कावस जी वार्ड मलिन बस्तियों में, फारेस्टर वार्ड दुर्गा मंदिर रोड एवं भरत चौक से रंगनाथ मंदिर तक, संतकवरराम वार्ड में विभिन्न स्थलों की नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों की नालियों की सफाई कराई जाकर अपशिष्ट के उठाव का कार्य किया गया।

# बॉडी फिट है तो माइंड हिट है



युवा मंत्रालय भारत सरकार एवं नेहरू युवा केंद्र कटनी जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर और राजकुमार अग्रवाल के निदेर्शानुसार में ढीमरखे?ा ब्लॉक के एनवाईवी विवेक गौतम एवं पूर्व एनवाईवी विकास गौतम के द्वारा। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत दो किमी की फिटनेस रन का आयोजन किया। इसमें ग्राम पंचायत धोरी सर में पंच महोदय संजय घर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ कराई गई जिसमें गांव के युवाओं में पहलाद गर्ग अंकित पांडे चंचल गर्ग राहुल गर्ग हिमांशु गर्ग वेद प्रकाश गर्ग बबलू गर्ग सहित लगभग 100 कैडेटों ने भाग लेकर आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। राष्ट्रीय स्तर पर फिट इंडिया रन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2019 में की थी। इस साल 14 अगस्त को युवा एवं खेल मामलों के केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फिट इंडिया फ्रीडम रन 2. 0 के नाम से की है। यह अभियान 02 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के लोगों को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले हर रोज आधा घंटा व्यायाम, दौ?, योग अथवा अन्य कसरत करने की शपथ ली। साथ ही अपने स्वजनों, प?ोसियों, ग्रामीणों को भी फिटनेस से जु? क्रियाकलाप करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके बाद राष्टगान गया गया। इस अवसर पर 100 से अधिक कैडेट उपस्थित थे।

# सोना-चांदी साथ-साथ- टोक्यो में मनीष ने स्वर्ण पदक पर लगाया निशाना, सिंहराज के हाथ लगा सिल्वर मेडल






**नई दिल्ली।** टोक्यो पैरालंपिक में भारतीय निशानेबाज मनीष नरवाल और सिंहराज अडाना ने इतिहास रच दिया। मनीष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा एसएच-1 में गोल्ड मेडल जीता। जबकि, सिंहराज इसी स्पर्धा में रजत पदक जीतने में सफल रहे। भारतीय निशानेबाज मनीष नरवाल और सिंहराज ने टोक्यो पैरालंपिक में कमाल कर दिया। मनीष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा एसएच-1 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। वहीं इसी स्पर्धा में सिंहराज अडाना ने बेहतरीन निशाना साधते हुए रजत पदक पर कब्जा किया। मनीष ने फाइनल में 218.2 का स्कोर किया। जबकि सिंहराज ने 216.7 का स्कोर करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। जबकि, रूस ओलंपिक समित के सर्जेइ मालिशेव ने 196.8 अंकों के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। क्वालीफिकेशन में सिंहराज 536 अंकों के साथ चौथे स्थान पर थे। जबकि मनीष नरवाल 533 अंकों के साथ सातवें नंबर पर रहे। मनीष ने टोक्यो पैरालंपिक में भारत की तीसरा स्वर्ण पदक जिताने में सफल रहे। इससे पहले अवनि लेखरा और सुमित अंतिल भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। सिंहराज की बात की जाए तो उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में अपना दूसरा पदक जीता है। इसे पहले सिंहराज ने 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उनके अवाला अवनि लेखरा भी दो पदक जीत चुकी हैं जिनमें एक स्वर्ण और एक ब्रांज मेडल शामिल है। भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में अब तक 15 पदक जीते हैं जिनमें तीन स्वर्ण, सात रजत और और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। पैरालंपिक में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मौजूदा समय में पदक तालिका में भारत 34वें स्थान पर है।



रियो ओलंपिक में पदक के मुहाने पर पहुंचकर चूकने के बावजूद इतिहास रचने वाली जिम्नास्ट दीपा कर्माकर घुटने की चोट को मात देकर तीन साल बाद वापसी करने जा रही हैं। 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में आपरेशन के बाद उभर आई घुटने की चोट ने दीपा को पेशेवर जिम्नास्टिक से दूर कर दिया था। वह टोक्यो ओलंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में भी नहीं उतरीं, लेकिन 28 साल की उम्र में दीपा एक बार फिर अपने को साबित करने के लिए बेकरार हैं। दीपा ने 14, 15 सिंतबर को दिल्ली में होने वाले विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में उतरने का फैसला लिया है। वह इस चैंपियनशिप के लिए अपने कोच विश्वेशर नंदी के संरक्षण में अगरतला में तैयारियों में जुटी हैं।

कोच नंदी ने नहीं हारने की हिम्मत ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य जीतकर दुनिया की नजरों में आने वाली दीपा के मुताबिक एशियाई खेलों में चोट उभरने के बाद वह इसे पूरी तरह ठीक करने में लग गईं। यह कठिन समय था, लेकिन उनके कोच नंदी ने उन्हें हिम्मत नहीं हारने दी। उन्होंने हौसला नहीं छोड़ा। उन्होंने अपने कोच के साथ वापसी के लिए कमर कस ली। अब वह पूरी तरह फिट हैं। यही कारण है कि उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के जरिए भारतीय टीम में वापसी का लक्ष्य रखा है। वह ट्रायल में उतरेंगी और टीम में चयनित होने का प्रयास करेंगी। दीपा खुलासा करती हैं कि भले ही वह टोक्यो ओलंपिक के क्वालिफाइंग टूर्नामेंट नहीं उतरीं हों, लेकिन इस दौरान उन्होंने अगरतला अकादमी में लगातार अभ्यास जारी रखा है। यहां तक लॉकडाउन के दौरान भी उन्होंने अभ्यास नहीं छोड़ा।

### प्रयागराज के आशीष भी उतरेंगे ट्रायल में

जिम्नास्टिक फेडरशन ऑफ इंडिया 18 अक्तूबर से जापान में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए तीन पुरुष, तीन महिला जिम्नास्टों की टीम भेजेगा। टीम के चयन को दिल्ली में ओपन ट्रायल होगा। जिसमें दीपा के अलावा एशियाई, राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता जिम्नास्ट प्रयागराज के आशीष कुमार, राकेश पात्रा, टोक्यो ओलंपिक में खेलने वाली परणीति नायक, अरुणा रेड्डी के अलावा कई जिम्नास्ट भाग लेंगे। जीएफआई के महासचिव जी शांतिकुमार साफ करते हैं कि चैंपियनशिप के लिए जिम्नास्टों का आठ सितंबर से दिल्ली में राष्ट्रीय शिविर लगाया जा रहा है।

# घुटने की चोट से उबरीं दीपा
## विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में करेंगी शिरकत




# मां बनने के बाद वायरल हुआ नसुरत जहां का नया लुक



**नई दिल्ली।** बंगाली फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस और बंगाल की टीएमसी सांसद नुसरत जहां ने हाल ही में मां बनीं हैं। नुसरत ने एक प्यारे से बेटे को जन्म दिया है। बेटे के जन्म के बाद नुसरत काफी चर्चा में हैं। एक्ट्रेस के मां बनने की खबर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर उनके फैंस, दोस्तों और स्टार्स ने उन्हें खूब बधाई दी। नुसरत के फैंस उनके बेटे की एक झलक पाने के लिए बेताब हैं। मां बने के बाद नुसरत ने भले ही अपने बेटे की तस्वीर शेयर न की हो लेनिक वह एक बार फिर से अपनी तस्वीरों के साथ फैंस से जुड़ने लगी हैं। नुसरत जहां इन दिनों लगातार अपनी तस्वीरें शेयर कर रही हैं। इसी बीच उन्होंने लेटेस्ट फोटोशूट की कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वह काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। यहां देखें तस्वीरें...एक्ट्रेस नुसरत जहां ने अपने इंस्टाग्राम पर हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक बार फिर नुसरत ने अपने सीजलिंग लुक से फैंस को दीवाना बना दिया हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि नुसरत जहां ने लाइट ब्लू कलर की डीप नेक वनपीस ड्रेस पहना है। इन ड्रेस के साथ उन्होंने मैचिंग ईयरिंग भी कैरी किया है जो उनके लुक को और भी सुंदर बना रहा है। फोटोशूट के दौरान नुसरत ने अपने बालों को बेहद ही खूबसूरत स्टाइलिंग कर रखा है। वहीं हर तस्वीर के साथ एक खास कैप्शन भी लिखा है। एक तस्वीर को शेयर करने के साथ ही वह लिखती हैं, उसने भरी हुई बंदूक की तरह मुस्कान पहनी थी। इन तस्वीरों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं अबतक इन्हें लाखों फैंस लाइक कर चुके हैं।आपको बता दें कि हाल ही में हॉस्पिटल से निकलते हुए नुसरत जहां का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वह गाड़ी में बैठती नजर आईं थीं। वहीं इस दौरान वह फोटोग्राफर्स को नमस्ते भी करती हैं। उनके बाद गोदी में बच्चे को लिए यश दासगुप्ता गाड़ी में बैठते नजर आए थे। नुसरत के इस वडियो के बाद यश और नुसरत के रिश्ते की अटकलें और तेज़ हो गई हैं।





# जारवो हमला करने के आरोप में गिरफ्तार, चौथे टेस्ट में ओली पोप की तरफ मारी थी गेंद और बेयरस्टो को दिया धक्का

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के दौरान तीन बार सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान तक पहुंचने में कामयाब शख्स जारवो को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। पांच मैचों की सीरीज के चौथे मुकाबले में ओवल के मैदान पर दूसरे दिन एक बार फिर से मैदान में खिलाड़ियों तक पहुंचने में कामयाब हुए थे। इससे पहले वह लीर्ड्स और लीड्स टेस्ट में भी मैदान पर पहुंच गए थे।यह तीसरा मौका था जब जारवो इस तरह से सरेआम सुरक्षाकर्मियों के रहते हुए मैदान पर पहुंचे। भारतीय टीम की जर्सी पहनने वाला यह शख्स इससे पहले लार्ड्स में खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत की गेंदबाजी के दौरान मैदान पर पहुंचा था। वहीं लीड्स में खेले गए तीसरे मुकाबले में रोहित शर्मा के आउट होने के बाद वह बल्ला लेकर पैड और हेल्मेट पहनकर बल्लबाजी करने मैदान पर उतर आया था। इस हरकत के बाद यार्कशायर की तरफ से जारवो पर लीड्स में आजीवन आने पर पाबंदी लगा दी गई।ओवल में मैच के दूसरे दिन जब उमेश यादव 35वां ओवर डाल रहे थे तभी यह शख्स गेंद लेकर गेंदबाजी करने पहुंच गया। उसने इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप की तरफ गेंद भी फेंका और इस दौरान नान स्ट्राइक पर खड़े विकेटकीपर बल्लेबाज जानी बेयरस्टो को धक्का भी मार दिया। पुलिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया, एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। उनको संदिग्ध तौर पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल में खेले जा रहे मैच में 3 सितंबर शुक्रवार को मैदान पर पहुंचे इस शख्स को गिरफ्तार किया गया। वह साउथ लंदन पुलिस की हिरासत में रहेंगे।कनिंग्स्टन ओवर में खेले जा रहे सीरीज के चौथे मुकाबले में इंग्लैंड ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारतीय बल्लेबाज एक बार फिर से नाकाम रहे और 191 रन पर पूरी टीम आलआउट हो गई। कप्तान विराट कोहली और शार्दुल ठाकुर ने अर्धशतक जमाया। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में ओली पोप और क्रिस वोक्स के अर्धशतक के दम पर 290 रन बनाकर 99 रन की बढ़त हासिल की। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के वक्त भारत ने बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए थे।





# युवक की सूझबूझ से टला ट्रेन हादसा

## टूटी पटरी देखकर उतारी अपनी लाल टी शर्ट गोंडवाना एक्सप्रेस के चालक को दिखाई

**जबलपुर यशभारत।** आज सुबह सिहोरा वह गोसलपुर के बीच उस वक्त बड़ा ट्रेन हादसा टल गया जब गोंडवाना एक्सप्रेस दिल्ली से चलकर जबलपुर आ रही थी इसी दौरान एक मोहतरा गांव का रहने वाला वासुदेव प्रजापति सुबह-सुबह रेल लाइन पार कर अपने खेत जा रहा था जैसे ही उसने पटरी को टूटे हुए देखा तो अपनी लाल कलर की टी-शर्ट उतार कर गोंडवाना के चालक को दिखाएं इससे पहले की चालक गाड़ी को अपने में कंट्रोल करता है गोंडवाना एक्सप्रेस की 9 बोगी टूटी पटरी से आगे निकल गई थी गोंडवाना एक्सप्रेस में सवार यात्रियों को जब इस घटना का पता चला तो हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई घटना की जानकारी लगते ही रेलवे अधिकारी एवं सीएनडबलू अमला मौके पर पहुंचकर।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोंडवाना एक्सप्रेस किलोमीटर 1024/12और 10 रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर अप लाइन संदिग्ध परिस्थितियों में टूट गई। पटरी टूट जाने के कारण समाचार लिखे जाने तक इस लाइन में रेल यातायात प्रभावित है जानकारी के अनुसार रेल मार्ग संघमित्रा को सिहोरा स्टेशन रोका गया है सहित कई ट्रेनें यहां स्टेशन पर खड़ी रहीं। पटरी में टूटने की खबर के बाद रेलवे अधिकारियों को दी। आनन-फानन अब लाइन ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया।

**सिहोरा गोसलपुर के बीच का मामला, कई गाड़ियां प्रभावित**

### एक फिट पटरी टूटी

आज सुबह गोसलपुर और सिहोरा के बीच हुई इस घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अपलाइन की करीब 1 फीट पटरी टूट गई है जिसका सुधार कर सीएनडबलू द्वारा किया जा रहा है रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

### अनेक गाड़ियां प्रभावित

आज सुबह गोसलपुर के बीच रेल पटरी टूट जाने के कारण अप लाइन की सभी गाड़ियां प्रभावित हुई है जानकारी के अनुसार जबलपुर आने वाली दयोदय संघमित्रा महाकोशल सहित अन्य गाड़ियां सिहोरा रेलवे स्टेशन में खड़ी रहीं।

### पटरी पार कर वाहन तक पहुंचे केन्द्रीय मंत्री

आज सुबह सिहोरा गोसलपुर के बीच रेल पटरी टूट जाने के कारण गोंडवाना एक्सप्रेस काफी देर तक मौके पर खड़ी रही उक्त गाड़ी में पर्यटन मंत्री प्रहलाद पटेल भी दिल्ली से जबलपुर आ रहे थे सूत्रों के अनुसार मंत्री प्रहलाद पटेल गोंडवाना एक्सप्रेस से उतरकर पटरी पार करते हुए उसी स्थान पर पहुंचे जहां पर उन्होंने एक वाहन बुलाया था जिसमें सवार होकर वह जबलपुर की ओर रवाना हुए उक्त ट्रेन में भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद गोटिया दिल्ली से यात्रा कर जबलपुर आ रहे थे।

## कनकेड़ी से जबलपुर लाई जा रही थी चोरी की रेत, पुलिस ने सुभाष नगर में दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** थाना संजीवनी नगर पुलिस ने दबिश देकर चोरी की रेत ले जाते हाईवा चलाक को दबोच लिया। पकड़े गए चालक ने बताया कि वह मनकेड़ी से रेत जबलपुर बेंचने ले जा रहा था, जिसके बाद हाईवा के कोई दस्तावेज भी नहीं मिले। पुलिस ने रेत जब्त कर, कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि एक हाईवा में बिना रायल्टी की रेत भरकर धनवंतरी नगर की तरफ से मड़ैया की तरफ जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने दलबल के साथ सुभाष नगर मड़ैया में दबिश दी । जहॉं हाईवा आते दिखने पर चालक राकेश दुबे पिता मुन्ना दुबे उम्र 25 वर्ष निवासी सहसन पाटन से पूछताछ की गई तो हाईवा से संबंधित कोई कागजात नहीं होना बताया तथा हाईवा आकाश सिंह निवासी बेलखेड़ा का बताते हुये रेत मनकेड़ी से चोरी करके विक्रय हेतु जबलपुर ले जाने की जानकारी दी। आरोपी से हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 6494 जब्त करते हुये आरोपी राकेश दुबे एवं हाईवा मालिक आकाश सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर, जाचं में लिया है।

# कुपोषण को लेकर कलेक्टर सक्रिय

## अधिकारी घर-घर जाकर कुपोषित बच्चे का पता लगाएं : कर्मवीर शर्मा



**जबलपुर, यशभारत।** कुपोषण खात्मे के लिए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने सक्रियता से दिखाई है। महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक में कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों को दो टूक निर्देश जारी करते हुए कहा कि कुपोषित बच्चे की पहचान घर-घर जाकर की जाए। जिस घर में बच्चा कुपोषित पाया जाता है तो उसके परिजनों से बात करें, माता-पिता से पूछा जाए कि वह बच्चे के कुपोषण समाप्त करने के लिए क्या प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग में एक सितंबर से 30 सितंबर में पोषण माह अभियान चला रहा है इसी के तहत लोगों को सुपोषण लाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

**1 से 30 सितंबर तक चलेगा पोषण माह**

### लापरवाही नहीं चलेगी कोई बहाना न बनाए

बैठक में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने से महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारियों से कहा कि सुपोषण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक अधिकारी को जिम्मेदारी लेनी होगी। इस कार्य में लापरवाही नहीं चलेगी। बच्चे क्यों कुपोषित हो रहे इसकी सही जानकारी प्राप्त करें, जहां बच्चा कुपोषित है तो वहां विशेष रूप से अभियान चलाकर सुपोषण लाने का प्रयास करें।

### आंकड़े नहीं मैदानीस्तर पर काम दिखें

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग से दो टूक कहा कि आंकड़ों को देखकर काम न करें, मैदानी स्तर पर क्या काम अमला कर रहा है इसकी जिम्मेदारी विभाग प्रमुख की है। आंकड़े देखकर काम करने की वजाए जमीनी स्तर से काम करें। कलेक्टर ने कहा कि केवल पोषण माह अकेले में काम नहीं करना है, हर माह कुपोषण मुक्त जबलपुर करने के उद्देश्य में रखकर काम करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी पोषण माह को जनआंदोलन बनाए।



## हाईकोर्ट को मिलेगी पुरुषेन्द्र कौरव के रूप में एक और न्यायाधीश की सौगात

**जबलपुर ।** हाई कोर्ट को पुरुषेन्द्र कौरव के रूप में एक और न्यायाधीश की सौगात मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्यप्रदेश के महाधिवक्ता पुरुषेन्द्र कौरव को हाईकोर्ट का नया जज नियुक्त करने के लिए अपनी मुहर लगा दी है। बता दें कि महाअधिवक्ता पुरुषेर्न्द्र कौरव के जज बनने के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने स्वीकृति दी है। अगली कड़ी में राष्ट्रपति की मुहर लगना शेष जिसमें एक सप्ताह से 15 दिन का समय लग सकता है। उल्लखेनीय है कि पुरुषेन्द्र कौरव सबसे कम आयु की उपमहाअधिवक्ता, अतिरिक्त महाअधिवक्ता और दो बार महाअधिवक्ता बनाए गए। मिलनसार व्यक्तिव के धनी और सभी तरह के मामलों की पैरवी कर लेते है और विवादों के बीच सहज बने रहते हैं।

## कोख को किया कलंकित

## रद्दी चौकी में मिला 5 माह का भ्रूण, नोंच रहे थे कुत्ते

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर के रद्दी चौकी में किसी कलियुगी मां ने कोख को कलंकित करते हुए अपने बच्चे को कचरे के ढेर में फेंक दिया। जिसे कुत्ते नोंच रहे थे। जब स्थानीय लोगों ने यह दृश्य देखा तो उनके रौंगटे खड़े हो गए। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को पीएम हेतु भेजते हुए, मामला जांच में लिया है। गोहलपुर थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गोहलपुर रद्दी चौकी के लकवा यूनिट के पास लगे कचरे के ढेर में भ्रूण मिला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, मामले की छानबीन में जुटी है। वहीं, सूचना पर गरीब नवाज कमेटी के इनायत भाई, अली भाई, नियाज अली, पंकज विश्वकर्मा पहुंच गए। जो पीएम हेतु पुलिस के साथ बच्चे को पीएम हेतु ले गए। जिसके बाद कमेटी बच्चे का अंतिम संस्कार करेगी।



## केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल का ओबीसी वर्ग को आश्वासन



## कोर्ट में मुख्यमंत्री शिवराज बेहतर ढंग से अपनी बात रखेंगे

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने ओबीसी आरक्षण को लेकर आश्वासन दिया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ओबीसी वर्ग का ध्यान रखते हुए न्यायालय में बेहतर ढंग से अपनी बात रखेंगे। ओबीसी वर्ग को भ्रामक बातों में न आकर सरकार पर भरोसा करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री से इस बारे में मुलाकात हुई और उन्होंने ओबीसी आरक्षण को लेकर कोर्ट में क्या पक्ष रखना है इसकी तैयारी कर ली है। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने बरगी बांध के डीसिल्टिंग काम शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस कार्य होने से काफी फायदा होगा।

# दो सड़क हादसों में दो की मौत

**बाइक सवार एनसीसी कैडेट हाइवा में घुसा**

जबलपुर, यशभारत। शहपुरा से आज अलसुबह करीब 5 बजे एक बाइक सवार एनसीसी कैडेट युवक जबलपुर कैंप अडेंट करने आ रहा था, तभी अमन ढाबा के पास एक हाइवा पंचर हालत में रॉग साइड खड़ा था, तेज रफ़्तार युवक सीधे हाइवा में घुस गया। हादसे में युवक का माथा फट गया। जिसे राहगीरों और ढाबा संचालकों ने जैसे-तैसे एम्बुलेंस में डालकर अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने हाइवा को जब्त कर, चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है। शहपुरा जांच अधिकारी राम सेवक ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शहपुरा से याम्हा बाइक से आर्यन पाटकर पिता रामेश्वर पाटकर जबलपुर एनसीसी कैंप अटेंड करने जा रहा था, तभी शहपुरा हाइवे में अमन ढाबा के पास खड़े हाइवा से टकरा गया। जिसकी मौत हो गयी। मामा के यहां आया था घूमने पुलिस ने बताया कि आर्यन बरेला निवासी है और शहपुरा में मामा उत्तम पाटकर के यहां पंद्रह दिन पहले घूमने आया था। आज सुबह जबलपुर में कैंप होने के कारण यहां से निकला था।

**पंचर हो गया था हाइवा** जांच अधिकारी ने बताया कि अमन ढाबा के पास हाइवा पंचर हो गया था। जिसे चालक ने रॉग साइड में खड़ा कर रखा था। इतना ही नहीं पंचर हाइवा के आसपास कोई सान्केतिक चिन्ह जैसे झंड़ी, पत्थर आदि नहीं रखे थे। जिससे राहगीरों को खड़े हाइवा का पता चल सके। आरोपी चालक को दबोच लिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

### बाइक सवार मजदूर को फोर व्हीलर ने रौंदा

उधर शहपुरा के समीप मगरमुहा चौराहे पर एक बाइक सवार मंडी मजदूर को तेज रफ्तार अज्ञात फोर व्हीलर चालक ने रौंद कर फरार हो गया। राहगीरों ने जैसे-तैसे परिजनों को खबर दी। जिसके बाद मौके पर पहुंच भांजे ने खून से लथपथ रोड पर पड़े मामा को मेडिकल में भर्ती करवाया, लेकिन तब तक मामा की सांसे थम चुकी थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर, अज्ञात वाहन चालक को तलाश कर रही है मेडिकल चौकी प्रभारी सुरेश सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सुरेन्द्र ठाकुर पिता देवी सिंह ठाकुर, उम्र 40 वर्ष उमरिया का निवासी है और फिलहाल शहपुरा में परिवार सहित रहकर शहपुरा मंडी में मजदूरी करता था।

**चौराहे पर हुआ हादसा** पुलिस ने बताया कि सुरेन्द्र बाइक में सवार था और किसी काम से शहपुरा जा रहा था, तभी मगरमुहा चौराहे पर फोर व्हीलर चालक युवक को रौंदते हुए निकल गया। जिसके बाद घटना स्थल पर मची चीख पुकार के बीच, भांजा ब्रजेन्द्र सिंह ठाकुर ने मामा को मेडिकल में भर्ती करवाया, लेकिन तब तक मामा की मौत हो चुकी थी। पुलिस अब अज्ञात वाहन चलाक को सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# पापा के दोस्त ने ही युवक को घोंपा चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** थाना ओमती में नेपियर टाउन स्थित कचनार संभाग अपार्टमेंट में पुरानी रंजिश को लेकर पापा के दोस्त ने ही युवक को चाकू से वार कर, लहूलुहार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार नेपियर टाउन स्थित कचनार संभार अपार्टमेंट में मारपीट होने की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मारपीट करने वाले आरोपी सूर्यप्रकाश शर्मा निवासी नेपियर टाउन, संजय सोलो निवासी छोला मंदिर भोपाल को पकड़कर थाना लाया गया। शुभांक शर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी शक्ति नगर गढ़ा ने पुलिस को बताया कि वह एवं उसकी मम्मी संगीता जेडीए कार्यालय मकान के लिये आवेदन देने गये थे, आवश्यक कागजात लेने वह नीचे आया जहॉ उसके पापा सूर्यप्रकाश खड़े मिले। जिन्होंने उसे नेपियर टाउन स्थित कचनार संभार अपार्टमेंट चलने को कहा वह पापा के साथ कचनार संभार अपार्टमेंट में गया, दरवाजा खोलकर घर के अंदर पहुंचा तभी पापा के साथ एक व्यक्ति आया और अपने आपको पापा का दोस्त बताया, अचानक गालीगलौज कर बोला कि तुम्हारी मम्मी और भाई मेरे दोस्त को क्यों परेशान करते हो, उसने गालीगलौज करने से मना किया तो, पापा एवं पापा के दोस्त ने उसे पकड़ लिया तो उसके साथ हाथ मुक्को से मारपीट कर, पापा के दोस्त ने चाकू से उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया।

**दबंग ने युवक के फाड़ दिए कपड़े** इसी प्रकार थाना हनुमानताल में सुल्तान मंसूरी उम्र 18 वर्ष निवासी आजाद नगर मोहरिया ने पुलिस को बताया कि बेल्डिंग का काम करता है, देर रात आसिफ होटल के सामने बैठकर कैरम खेल रहा था। उसी समय अरवाज आकर बैठ गया वहां पर लोगों को कपड़ा ढक्कर लड़के मजाक में मारपीट कर रहे थे, अरवाज के साथ भी किसी ने कपड़ा ढक्कर मारपीट की तो अरवाज ने कहा कि कोई मुझे मारेगा तो मैं तुझे मारूंगा कहते हुये उसे थप्पड मार दिया एवं कपडे फ ाड़ दिये, वह घर से कपड़े बदल कर आया तो उसे देखते ही अरबाज गालीगलौज करने लगा। उसने गालीगलौज करने से मना किया तो किसी नुकली चीज से कमर में चोट पहुचांकर लहूलुहान कर दिया।

## 2000 नहीं मिलने पर समिति के सदस्य को मारा चाकू

जबलपुर, यशभारत। थाना अधारताल में चौपाटी के नजदीक गणेश प्रतिमा रखने, लगाए जा रहे पंडाल को लेकर समिति सदस्य से चार आरोपियों ने दो हजार रुपए की मांग की। जब युवक ने पैसे देने से मना किया तो आरोपी चाकू घोंपकर मौके से फरार हो गए। जानकारी अनुसार अमन बिस्वानी उम्र 23 वर्ष निवासी शुभलाभ कॉलोनी अधारताल ने पुलिस को बताया कि अधारताल चौपाटी के सामने गणेश प्रतिमा रखने के लिये टैंट लगाया था लकी गुप्ता, सोनू गुप्ता, टिंकल गुप्ता, दीपांशु शर्मा आये और बोले कि टैंट लगाने के एवज में हमको 2 हजार रूपये दो, उसने रूपये देने से मना किया तो चारों गालीगलौज कर मारपीट करने लगे, लकी ने चाकू निकालकर चाकू से हमला कर जांघ में चोट पहुंचा दी, मारपीट से उसके पीठ व नाक में चोट आ गयी है। चारों मोटर सायकिलों में बैठकर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

**अधारताल में गणेशजी का टेंट लगाने पर विवाद**



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )